दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



धर्मेंद्र को दिया जाएगा 'प्यार ही प्यार...



साइकोलॉजिकल थ्रिलर असुर 3 में हुई एंट्री

वर्ष : 12 | अंक : 228 | लखनऊ, 11 अगस्त, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## राज्यसभा से पास हुआ 'बैंकर्स बुक्स एविडेंस' बिल लोकसभा से बिना चर्चा ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल मंजूर

विपक्षी सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई सांसद इसमें शामिल हुए विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने सरकार के खिलाफ नारे लगाए

### एंटी-पेपर लीक बिल पर बहस, अन्य मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

मानसून सत्र 20 जुलाई से चल रहा है। 13 अगस्त को इसका समापन है। तीन हफ्ते के दौरान लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। एंटी-पेपर लीक बिल पर बहस के अलावा किसी और मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकर्स बुक्स एविडेंस बिल, 2026 को लोकसभा में 3 अगस्त को पेश किया था। 6 अगस्त को लोकसभा ने ध्वनिमत से पारित किया। राज्यसभा में यह बिल सोमवार को पेश हुआ और आज ही बिल पारित कर दिया। बैंकर्स बुक्स एविडेंस बिल, 2026 का मकसद बैंकों के रिकॉर्ड को अदालत में सबूत के तौर पर इस्तेमाल करने के नियमों को मौजूदा डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था के हिसाब से अपडेट करना है। लोकसभा ने ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल, 2026 को बिना चर्चा के पारित कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। एनडीए संसदीय दल की मंगल मिलन बैठक 11 अगस्त को संसद के पीएलबी बिल्डिंग में आयोजित की जाएगी।

एनडीए की मंगल मिलन की बैठक आज पीएलबी में

हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

### संसद परिसर में विपक्ष ने किया प्रदर्शन




प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव सहित संसद के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी दल

राम मंदिर के लिए जुटाए गए चंदे में कथित चोरी और छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई सांसद इसमें शामिल हुए विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उनके हाथों में सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लिखे पोस्टर थे। सांसदों ने 'चंदा चोर, गद्दी चोर' और 'अमित शाह जवाब दो' जैसे नारे लगाए।

### शाह जंतर-मंतर लाठीचार्ज मामले पर संसद में जवाब देंगे

### रिजिजू बोले- विपक्ष को सुनना पड़ेगा, भाग नहीं सकते



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन और पुलिस एक्शन मामले पर सदन में जवाब देंगे लेकिन विपक्ष को भरोसा देना होगा कि वह बहस से भागेगा नहीं। उन्हें गृहमंत्री का जवाब बिना हंगामा किए सुनना पड़ेगा। हालांकि शाह कब बोलेंगे यह नहीं बताया।

### सरकार जरूरी चर्चा से बच रही: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार संसद को चलाने के लिए जरूरी चर्चा से बच रही है और विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे रही है। विपक्ष बहस चाहता है और उसकी मांग सिर्फ इतनी है कि गृह मंत्री अमित शाह छात्रों के साथ कथित अन्याय और ज्यादती के मुद्दे पर सदन में बयान दें। खरगे ने कहा कि विपक्ष पिछले 17 दिनों से अमित शाह से सदन में आकर छात्रों के साथ हुए कथित अन्याय और ज्यादती पर बयान देने की मांग कर रहा है।

### चढ़ावा चोरी पर भी दें बयान: अखिलेश



अखिलेश यादव ने कहा कि भी दो दिन बाकी हैं। सरकार के पास दोनों मुद्दों- अयोध्या राम मंदिर के चंदे में कथित गड़बड़ी और छात्र आंदोलन पर चर्चा करने का समय है। भगवान राम को चढ़ाए गए चंदे में चोरी होना कोई सामान्य बात नहीं है। यह करोड़ों लोगों की आस्था का सवाल है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इसका जवाब कौन देगा।

### जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें: ओम बिरला



संसद की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने सदन में जारी गतिरोध पर चिंता जताई। उन्होंने फ्लोर लीडर्स से भावुक अपील करते हुए कहा कि जनता की आवाज सदन में सुनी जानी चाहिए। प्रश्नकाल चलने दें और अहम बिलों पर चर्चा करें।

### लोकसभा में 4 बिल पेश हुए



लोकसभा में 4 बिल पेश किए गए। इनमें ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल, 2026, माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन अमेंडमेंट बिल, 2026 शामिल हैं। इसके अलावा केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026 और नेशनल को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन अमेंडमेंट बिल, 2026 भी पेश किए गए।

### विपक्ष एफसीआरए बिल का करेगा विरोध



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस एफसीआरए संशोधन बिल का विरोध करेगी। एफसीआरए संशोधन बिल मानसून सत्र के आखिरी सप्ताह में लोकसभा में पेश हो सकता है। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है।

महाराष्ट्र के सूखे और प्याज पर चर्चा

### पीएम मोदी से मिले एनसीपी-एसपी सांसद



एनसीपी (शरद पवार गुट) की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में पार्टी के सभी 8 सांसदों ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान महाराष्ट्र से जुड़े सूखे और प्याज सहित अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक करीब 15 मिनट चली।

## खबर संक्षेप

### भारत मंडपम के पास 4 दिन ट्रैफिक प्रभावित



नई दिल्ली। दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत व्यापार महोत्सव के चलते 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम के आसपास ट्रैफिक प्रभावित रहेगा। यातायात पुलिस ने लोगों को पीक आवर्स के दौरान मथुरा रोड और भारों मार्ग से बचने की सलाह दी है।

### जेएनयू में 'उमर को रिहा करो' के लगे नारे



नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में पूर्व छात्र उमर खालिद की पुस्तक 'फ्रैक्चरड कम्युनिटीज: आदिवासी हिस्ट्री एंड द पॉलिटिक्स ऑफ पावर' पर परिचर्चा के दौरान 'उमर खालिद को रिहा करो' के नारे लगे।

### गोली मार दें, पर नहीं गाऊंगा पूरा वंदे मातरम



तिरुवनंतपुरम। केरल के कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन ने कहा कि राज्य में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पूरा संस्करण नहीं गाया जाएगा। केरल में हमेशा की तरह राष्ट्रगीत के केवल पहले दो अंतरा ही गाए जाएंगे। चाहे नरेन्द्र मोदी हमें गोली मारने की धमकी ही क्यों न दें।

## एससी-एसटी में आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में जवाब

# वर्षों से सामाजिक भेदभाव और अन्याय झेला आर्थिक पिछड़ेपन से तुलना करना ठीक नहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्र सरकार ने कहा कि एससी और एसटी को आरक्षण देने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समानता और न्याय स्थापित करना, ऐतिहासिक भेदभाव को समाप्त करना तथा सार्वजनिक जीवन में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना है

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' व्यवस्था लागू करने की मांग का विरोध किया है। सरकार ने कहा कि एससी-एसटी समुदायों ने वर्षों तक सामाजिक भेदभाव और अन्याय झेला है। उनकी स्थिति की तुलना केवल आर्थिक पिछड़ेपन से नहीं की जा सकती। सरकार ने यह भी कहा कि आरक्षण के नियम बदलने का अधिकार सिर्फ संसद के पास है, अदालत के पास नहीं। केंद्र सरकार अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर अपना जवाब दे रही थी।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि एससी और एसटी की पहचान के आधार और ओबीसी की पहचान के आधार अलग-अलग हैं। सरकार ने कहा कि एससी समुदाय छुआछूत जैसी ऐतिहासिक सामाजिक बुराइयों के कारण लंबे समय तक वंचित रहा है। वहीं एसटी समुदाय की पहचान उनकी खास संस्कृति, भौगोलिक अलगाव और पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। सरकार ने याचिका को 'गलत धारणा पर आधारित और गुण-दोष से रहित' बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से इसे खारिज करने की मांग की है।

### आरक्षण के नियम बदलने का अधिकार सिर्फ संसद को

### सामाजिक समानता स्थापित करना लक्ष्य



सरकार ने कहा कि ओबीसी की पहचान सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। एससी और एसटी को आरक्षण देने का उद्देश्य सामाजिक समानता और न्याय स्थापित करना, ऐतिहासिक भेदभाव को समाप्त करना तथा सार्वजनिक जीवन में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### संपन्न परिवार आरक्षण का लाभ ले रहे: याचिकाकर्ता

याचिका में कहा गया है कि एससी और एसटी वर्गों के भीतर आर्थिक रूप से संपन्न परिवार आरक्षण का ज्यादातर लाभ ले रहे हैं। इससे आरक्षण का लाभ इन्हीं परिवारों तक सीमित हो रहा है और सबसे अधिक वंचित लोगों को शिक्षा तथा सरकारी नौकरियों में अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। याचिका में सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ चुके लोगों को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की मांग की गई है। जो लोग पहले ही सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके हैं, उन्हें आरक्षण देना सकारात्मक भेदभाव के उद्देश्य के विपरीत है। याचिका में सभी आरक्षित श्रेणियों में आय आधारित प्राथमिकता लागू करने की मांग की गई है। याचिका में अगस्त 2024 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी हवाला दिया गया है जिसमें एससी और एसटी के भीतर उप-वर्गीकरण की अनुमति दी गई थी। उस पीठ के 7 में से 4 जजों ने अपने फैसले में एससी और एसटी पर भी क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू करने का सुझाव दिया था।

### मणिपुर हिंसा मामला: दो विशेष अदालतें बनेंगी

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर और असम की सरकारों समेत अन्य संबंधित अधिकारियों से 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा से जुड़े उन मामलों की सुनवाई के लिए दो विशेष अदालतें बनाने पर विचार करने को कहा, जिनकी जांच सीबीआई और एनआईए कर रही हैं। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि जिन मामलों में आरोपपत्र दाखिल हो चुके हैं, उनकी जानकारी एक जगह जुटाई जाए।

### विदेश जा सकेंगे अभिषेक

सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी को राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने उन्हें आंखों के इलाज के लिए तीन हफ्ते विदेश जाने की अनुमति दी। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने बेनर्जी की यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि वह एसएसकेएम अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के सामने अपनी मेडिकल जांच कराने के लिए तैयार नहीं थे।

### कावेरी जल विवाद मामला

### 'सुप्रीम' सुनवाई अब 13 अगस्त को होगी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के हिस्से का कावेरी नदी का पानी तुरंत छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई है। शीर्ष कोर्ट इस याचिका पर 13 अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकील की दलीलों पर ध्यान दिया। सीजेआई ने कहा, हम इसे गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

### शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते टली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) की उस याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी, जिसमें उसके 6 सांसदों के महाराष्ट्र के उपसीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को लोकसभा अध्यक्ष की ओर से दी गई मंजूरी को चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद गणपत सावंत की ओर से दाखिल याचिका पर लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय और अन्य संबंधित पक्षों को अभी तक जारी नोटिस की तामील नहीं हुई है।

## टीएमसी कार्यकर्ता की मौत का मामला

# सीएम ने दिए जांच के आदेश परिजनों को 10 लाख की मदद



### जांच अधिकारी निलंबित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले में कथित तौर पर पुलिस हिरासत में जान गंवाने वाले तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को सीएम राहत कोष से 10 लाख रुपये की मदद देने की भी घोषणा की। अधिकारी के साथ भाजपा विधायक अर्जुन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और स्थानीय नेता भी मौजूद थे। मृतक के परिवार से मुलाकात के बाद सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि हालीशहर थाने के प्रभारी निरीक्षक को क्लोज (जिम्मेदारी से हटाना) कर दिया है। मामले की जांच कर रहे अधिकारी को भी केओट की मौत के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

### पुलिस लॉकअप में की पिटाई: पत्नी

कांचरापाड़ा नगरपालिका की पूर्व पार्षद जेनी शर्मा केओट के पति बिरजू केओट को जबरन वसूली और अन्य आरोपों के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया था। इसके बाद अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। शनिवार को उनकी मौत की खबर सामने आई। उनकी पत्नी ने आरोप लगाया कि पुलिस लॉक-अप के अंदर केओट की पिटाई की गई थी और इसी दौरान उनकी मौत हो गई। इस आरोप पर पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बता दें, एक दिन पहले पूर्व सीएम ममता बेनर्जी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मृतक कार्यकर्ता के हालीशहर स्थित घर पहुंची थीं। वहां उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा था। भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेर लिया था। उनके खिलाफ 'चोर' के नारे लगाए गए थे। काफिले पर कीचड़ और चप्पलें भी फेंकी गई थीं।

### ममता पर हमले में भाजपा का हाथ नहीं

इस मामले में पूर्व ममता बेनर्जी ने अपने काफिले पर कथित हमले में भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आरोप लगाया था। हालांकि, सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना में भाजपा की किसी भी भूमिका से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह विरोध ममता बनर्जी के खिलाफ 'लोगों के गहरे आक्रोश' को दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि पूर्व सीएम ने 'इतनी चोरी की है', इसलिए उन्हें लोगों से अपने लिए 'चोर' शब्द सुनना पड़ेगा।

## 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा दशाश्वमेध घाट



### कांवड़ में गंगाजल भरने उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

प्रयागराज। सावन का महीना, भोलेनाथ की भक्ति और हर-हर महादेव के गूंजते जयघोष। संगम नगरी प्रयागराज का दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट इन दिनों पूरी तरह शिवमय नजर आ रहा है। जहां तक नजर जाती है, वहां केवल कांवड़िए ही कांवड़िए दिखाई देते हैं। गंगा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। हर कोई गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पवित्र गंगाजल अपनी कांवड़ में भर रहा है। शिवभक्त तीर्थ पुरोहितों से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं और भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना कर रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में मानसून मेहरबान, मौसम बना खुशनुमा

# कई इलाकों में झमाझम बारिश से बदला मौसम

### गर्मी-उमस से मिली राहत कई इलाकों में जलभराव

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने दिल्ली-एनसीआर के मौसम को खुशनुमा बना दिया है। मानसून की सक्रियता के चलते कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। हालांकि, बारिश ने उमस और गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत दी है। अगले 5 दिन तक में हल्की बारिश होगी।



दिल्ली के कनॉट प्लेस का दृश्य

### तेज हवाएं चलने की चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग ने गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के गाजियाबाद से सटे कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और मध्यम से भारी बारिश की बहुत अधिक संभावना है।

### सतर्क रहें लोग

लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज हवाओं और बिजली कड़कने के कारण खुले इलाकों में न निकलने, पेड़ों और होर्डिंग्स से दूर रहने तथा आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाने की अपील की गई है। यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है, इसलिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

### नीमकाथाना में सर्वाधिक बारिश

राजस्थान के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई, जबकि सीकर और झालावाड़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में सीकर के नीमकाथाना में सर्वाधिक 85 मिलीमीटर बारिश हुई, जो भारी बारिश की श्रेणी में आता है।

### असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दो और लोगों की मौत के बाद बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है, जबकि सात जिलों में करीब 1.4 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

## गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने किया रुद्राभिषेक



अमन लेखनी समाचार

**गोरखपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार अपराह्न बेला में रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से विश्व के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल और गोदुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

# हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, कांवड़ यात्रा का भक्तिमय माहौल

## काशी में दिन भर गूंजा शिव का उद्घोष, अयोध्या भी हुई शिवमय, जगह-जगह हुए रुद्राभिषेक

### सोमवार ने दूना किया कांवड़ यात्रा का उत्साह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** काशी से अयोध्या और प्रयागराज तक सावन के पावन सोमवार पर पूरा प्रदेश भोलेनाथ की भक्ति में डूबा नजर आया। बाबा विश्वनाथ के दरबार से लेकर गली-मोहल्लों के छोटे-बड़े शिवालयों तक हर तरफ हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई दी। मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा, जो देर शाम आरती तक थमने का नाम नहीं ले रहा था। कांवड़ियों के जत्थे कंधों पर गंगाजल लिए बोल बम के उद्घोष के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। जगह-जगह लोगों ने रुद्राभिषेक किया और और शिवार्चना की।

बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन को रविवार रात से ही श्रद्धालु काशी पहुंचने लगे थे। सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक हर कोई बाबा के जलाभिषेक की धुन में मगन दिखा। कांवड़ियों ने गंगा में डुबकी लगाकर पवित्र जल भरा और फिर विश्वनाथ मंदिर की ओर कतारबद्ध होकर बढ़ चले। मंदिर परिसर घंटे-घड़ियाल और डमरू की ध्वनि से गूंजता रहा।

सुरक्षा के व्यापक इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा को दूध, दही, शहद, बेलपत्र और भांग-धतूरे से जलाभिषेक किया। शाम को गंगा आरती के समय पूरा घाट क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। स्थानीय व्यापारियों ने भी श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह प्याऊ और भंडारे की व्यवस्था कर सेवा भाव दिखाया। तीर्थराज प्रयागराज में मनकामेश्वर मंदिर समेत प्रमुख शिवालयों में भोर से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। संगम तट पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने पवित्र जल



कलशों में भरा और फिर शिव मंदिरों की ओर रुख किया।

गलियों में कांवड़ियों की टोलियां भगवा वस्त्र पहने, कंधे पर बांस की कांवड़ लिए ह्यजय भोलेनाथ के नारे लगाती नजर आईं। मंदिरों के बाहर फूल-माला और बेलपत्र की दुकानों पर भी खासी रौनक रही। शाम ढलते ही मंदिरों में विशेष शृंगार और रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। त्रेतायुगीन नागेश्वरनाथ मंदिर से लेकर क्षीरेश्वरनाथ, पंचमुखी महादेव और झारखंडेश्वरनाथ समेत शहर के प्रमुख शिवालयों में देर शाम तक हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। रामलला के दरबार से हनुमानगढ़ी तक दर्शनार्थियों की भारी भीड़ जुटी रही। जय श्रीराम और बम-बम भोले के उद्घोष से पूरा अवध क्षेत्र गूंज उठा। सरयू तट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र जल लेकर नागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों में रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और भजन-कीर्तन का सिलसिला दिन भर चलता रहा। राम की पैड़ी क्षेत्र में भी भक्तों की चहल-पहल देखने लायक थी, जहां आस्था और श्रद्धा का संगम राम भक्ति और शिव भक्ति के रूप में एक साथ नजर आया। प्रदेश भर के मार्गों पर कांवड़ यात्रा का उत्साह चरम पर रहा। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए कंधों पर सजी-धजी कांवड़ लेकर पैदल, साइकिल और वाहनों से अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखे। रास्ते में जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों के लिए विश्राम शिविर, जलपान और चिकित्सा शिविर लगाए। डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते कांवड़िए और ह्यबोल बम, बोल बमह्न के उद्घोष ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कई स्थानों पर कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## मंत्री अनिल राजभर को अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 में शामिल अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय विभाग के



कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने उनसे मांग करते हुए कहा की राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की संस्तुति के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 68,500 शिक्षकों की भर्ती परीक्षा के उत्तीर्णांक में 5 प्रतिशत की छूट देते हुए पूर्णांक 150 में 60 अंक अर्थात 40 प्रतिशत पर परिणाम संशोधित करा कर नई सूची जारी करें। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन के साथ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट भी सौंपी। इस भर्ती का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह ने बताया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती 2018 के संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तीर्णांक में 5 प्रतिशत की छूट प्रदान किए जाने एवं सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की संस्तुति की गई है। ज्ञापन देने वालो में इस भर्ती का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह, आशुतोष वर्मा, अखिल यादव और नवीन चौधरी शामिल रहे।

## 13 तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में विशेष रूप से दिव्यांगजनों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान-3.0' की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। पूर्व में 3 से 10 अगस्त तक निर्धारित इस अभियान की तिथि को जनहित में विस्तार देते हुए अब 13 अगस्त तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य निर्धारित रोजगार लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना तथा प्रदेश के अधिक से अधिक दिव्यांग युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों से जोड़कर लाभान्वित करना है। अभियान को मिल रहे सकारात्मक रुझान और आवेदनकर्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय-सीमा का विस्तार किया गया है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए विकल्प परिवर्तन का मौका, 15 तक

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव/ अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में संचालित व्यवसायों, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों एवं पीपीपी मॉडल पर संचालित राजकीय संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए विकल्प परिवर्तन (संस्थान/व्यवसाय) के लिए एससीवीटी पोर्टल खोला गया है। उन्होंने बताया कि सर्वसाधारण के लिए 09 अगस्त से 12 अगस्त तक विकल्प परिवर्तन के लिए पोर्टल खोला गया है। साथ ही अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट http://www.scvtup.in पर नवीन ऑनलाइन आवेदन/पंजीकरण एवं विकल्प परिवर्तन (संस्थान/व्यवसाय) के लिए 15 अगस्त की रात्रि 12.00 बजे तक एससीवीटी पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद आवेदन/पंजीकरण/विकल्प परिवर्तन के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन में सहायता के लिए विवरणी ई-फॉर्म में वेबसाइट www.scvtup.in पर उपलब्ध है।

## रांची में छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला: सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने रांची में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने अधिकारों और भविष्य की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठा रहे थे। लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में लाठीचार्ज कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह घटना रांची में हो रही है या देश के किसी अन्य हिस्से में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर बल प्रयोग की हम हर जगह निंदा करते हैं।

# फूलन देवी की हत्या की हो सीबीआई जांच : डॉ. संजय निषाद

- निषाद पार्टी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ने अयोध्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- डॉ. निषाद ने कहा, पार्टी आज भी निषाद समाज के आरक्षण की मांग पर कायम

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी ने सोमवार को अयोध्या के सर्किट हाउस सभागार में पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद शामिल हुए।

उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती है। निषाद पार्टी फूलन देवी के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। हम चाहते हैं कि फूलन देवी की हत्या की सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि उनकी हत्या से जुड़ी सच्चाई जनता के सामने आ सके।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी प्रत्येक निषाद बाहुल्य जिले में समीक्षा बैठक आयोजित कर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही है। निषाद बाहुल्य बूथों पर निषाद पार्टी के बूथ एजेंट बैठें, इसके लिए भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निषाद समाज अपनी



प्राथमिकताओं को भली-भांति जानता है। निषाद पार्टी आज प्रदेश सरकार के साथ साढ़े चार वर्षों से गठबंधन में है, लेकिन कुछ लोग हमसे 10 वर्षों का हिसाब मांगते हैं।

मैं आज उन लोगों को स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जो लोग हमसे हिसाब मांग रहे हैं, उन्हें पहले अपना इतिहास और भूगोल जान लेना चाहिए। डॉ. निषाद ने कहा कि आज हमसे हिसाब मांगने वाले पहले यह बताएं कि जो लोग 70 वर्षों से अलग-अलग सरकारों में सत्ता का हिस्सा रहे हैं, कभी सपा में मंत्री और विधायक रहे, कभी बसपा और कांग्रेस में रहे और कभी भाजपा के साथ रहे। उन्होंने निषाद समाज के अधिकारों और मांगों को लेकर आवाज क्यों नहीं उठाई ? उन्होंने कहा कि आज भी संसद से लेकर सड़क तक निषाद समाज की मांगों को मजबूती से उठाने का काम निषाद पार्टी ही कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार के साथ हमारा गठबंधन जरूर है, लेकिन हम निषाद समाज की पैरवी पूरी मजबूती से कर सकते हैं। आरक्षण देना या न देना केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी आज भी निषाद समाज के आरक्षण की अपनी मांग पर मजबूती से कायम है। हम भाजपा के साथ गठबंधन में हैं और अपनी मांग को लगातार सरकार के समक्ष रखते रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निषाद समाज को आरक्षण दे दो, बेशक हमारा मंत्री पद ले लो। निषाद पार्टी कभी भी सत्ता और कुर्सी की भूखी नहीं रही है। हम अपने आदर्शों एवं विचारधारा पर चलने वाली पार्टी में से हैं। निषाद समाज के मुद्दे को लेकर हम भाजपा के साथ गठबंधन में आए थे और आज भी अपने मुद्दों की पैरवी एक दमदार वकील के तौर पर कैबिनेट में करते हैं।

## जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड से पोषण वितरण की निगरानी

- तकनीक ने आपूर्ति श्रृंखला को बनाया अधिक पारदर्शी व जवाबदेह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक पोषण पहुंचाने की व्यवस्था सिर्फ राशन वितरण तक सीमित नहीं रह गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में टेक होम राशन व्यवस्था को तकनीक से जोड़कर आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी और वितरण की पारदर्शिता को मजबूत किया गया है। करीब 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच रही इस व्यवस्था में जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और ओटीपी आधारित सत्यापन जैसे डिजिटल उपायों को शामिल किया गया है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य पोषण सामग्री को उत्पादन इकाई से लेकर वास्तविक लाभार्थी तक सुरक्षित और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पहुंचाना है। परिवहन के दौरान वाहनों की जीपीएस के जरिए निगरानी की जाती है। इससे आपूर्ति में लगे वाहनों की आवाजाही पर नजर रखना संभव हुआ है। वहीं पैकेट पर लगाए गए क्यूआर कोड के जरिए सामग्री की पहचान और वितरण संबंधी जानकारी को डिजिटल प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

लाभार्थी को पोषण सामग्री उपलब्ध कराते समय ओटीपी आधारित सत्यापन की व्यवस्था भी लागू है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि सामग्री निर्धारित लाभार्थी तक ही पहुंचे। पूरी प्रक्रिया में डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से निगरानी करने वाले अधिकारियों के लिए भी व्यवस्था को ट्रैक करना आसान हुआ है। सरकार ने टेक होम राशन के लिए अलग-अलग आयु और जरूरत के अनुसार पोषण उत्पाद भी तैयार किए हैं। छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को जरूरत के अनुरूप अनुपूरक पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है।

## निर्माण कार्यों के भुगतान से पहले संयुक्त स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य

**लखनऊ।** नगर निगम के निर्माण एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब निर्माण कार्यों के चलित एवं अंतिम देयकों के भुगतान से पहले संबंधित अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान यदि किसी अतिरिक्त मद या अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता महसूस होती है तो उसे बिना सक्षम स्वीकृति के नहीं कराया जा सकेगा। इसके लिए पहले नगर आयुक्त अथवा सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। स्वीकृति मिलने के बाद ही अतिरिक्त कार्य कराया जाएगा और उसी के आधार पर भुगतान किया जाएगा। आदेश के मुताबिक पांच लाख रुपये तक की अनुबंधित धनराशि वाले निर्माण कार्यों के चलित अथवा अंतिम देयक प्रस्तुत करने से पहले अवर अभियंता और सहायक अभियंता संयुक्त रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण करेंगे। दोनों अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के बाद ही देयक की भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। वहीं, पांच लाख रुपये से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों के लिए अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता की ओर से संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट को देयक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। नई व्यवस्था में निरीक्षण के दौरान लिए गए जीपीएस आधारित फोटोग्राफ भी अनिवार्य किए गए हैं।

## विस के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे कानपुर के विधि छात्र

- अध्यक्ष सतीश महाना ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति किया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** कानपुर के 25 सदस्यीय विधि छात्र प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रतिनिधि कुशाग्र द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदन का अवलोकन किया तथा जाना कि सदन की कार्यवाही किस प्रकार संचालित होती है।

उन्हें प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयकों की प्रक्रिया, विभिन्न संसदीय समितियों की भूमिका तथा जनप्रतिनिधियों की संवैधानिक जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानमंडल की भूमिका और जनहित से जुड़े विषयों पर होने वाली संसदीय प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा के समृद्ध पुस्तकालय का भी भ्रमण किया, जहां विधि, संविधान, संसदीय परंपराओं तथा शासन-प्रशासन से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकों एवं संदर्भ सामग्री का अवलोकन किया।

विद्यार्थियों ने विधानसभा संग्रहालय का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश विधानसभा के इतिहास, महत्वपूर्ण संसदीय घटनाओं, लोकतांत्रिक विकास यात्रा तथा ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं चित्रों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने विधानसभा परिसर में उपलब्ध आधुनिक डिजिटल सुविधाओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा तंत्र को भी निकट से देखा और समझा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधि छात्रों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सफलता संविधान के प्रति आस्था, विधि के जवाबदेही पर आधारित होती है।

उन्होंने कहा कि एक विधि छात्र के लिए केवल पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को व्यवहारिक रूप से समझना भी उतना ही आवश्यक है। अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से संविधान की मूल भावना, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के न्यायविद, अधिवक्ता, न्यायाधीश और जनप्रतिनिधि बनेंगे। इसलिए उन्हें सत्यनिष्ठा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना चाहिए।

## जस्टिस मोर्चा के जरिये उठायेंगे युवाओं के मुद्दें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा, रोजगार, समान अवसर और युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर सवालों को लेकर युवाओं द्वारा गठित जस्टिस मोर्चा की सोमवार को राजधानी के प्रेस क्लब में आधिकारिक घोषणा की गई। जस्टिस मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि प्रदेश का युवा आज शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, सरकारी शिक्षण संस्थानों के कमजोर होते ढांचे, बढ़ती बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, भर्तियों में देरी और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण गहरे असंतोष और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। यह केवल युवाओं का सवाल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के भविष्य का सवाल है।

उन्होंने कहा कि जस्टिस मोर्चा आने वाले दिनों में प्रदेश के युवाओं के बीच जाकर उनके सवालों को सुनेगा, स्थानीय मुद्दों को उठाएगा और शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता और समान अवसर के पक्ष में व्यापक जनसमर्थन तैयार करेगा। इसके लिए प्रमुख मांगें रखीं, जिमसें वार्षिक भर्ती परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाए और सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आयोजित किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को वापस लिया जाए। संविदा एवं ठेका प्रथा पर रोक लगाई जाए और समान काम के लिए समान वेतन दिया जाये। साइकिल यात्रा के साथ-साथ अगले 50 दिनों तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 800 से अधिक कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में नुक्कड़ सभाओं, छात्र-युवा बैठकों और जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर सुधांशु, अर्पिता, गोविंद, देवेश, प्रियेश, मृत्युंजय, विशाल, विवेक, बृजेश, अवनीश, महेंद्र, सूफी, राघव, सत्यम, नीरज शामिल रहे।

# तिरंगे के रंग में रंगा खुशहालगंज, भारत माता के जयकारों से गूंजा इलाका

## घुरघरी तालाब से पानखेड़ा चौराहे तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को सरोजनी के खुशहालगंज मंडल में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का जोश देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी द्वारा तत्वावधान में घुरघरी तालाब से पानखेड़ा चौराहा, मोहन रोड तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले युवाओं और भाजपा कार्यकताओं ने पूरे रास्ते देशभक्ति के नारे लगाकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा क्षेत्र



गूंजता रहा। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राजू, डॉ.अखिलेश सिंह, मंडल प्रभारी एवं जिला कार्यालय मंत्री रविराज लोधी, मंडल अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह चौहान, मंडल सह प्रभारी शिविता गोयल, भाजयुमो जिला महामंत्री शुभम पाल, मंडल महामंत्री नवीन तिवारी व सुशील रावत, मंडल उपाध्यक्ष रामनरेश राजपूत, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरज कनौजिया, ग्राम प्रधान सकरा दिलीप मौर्य, ग्राम प्रधान दोना कमलेश गौतम, सूबेदार सिंह, जय सिंह, उदयभान सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश सिंह व पूजा चौहान, बूथ अध्यक्ष हरि शरण सिंह व विजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता और युवा शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के संयोजक एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल राष्ट्रध्वज फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्रध्वज का सम्मान करने और देशहित में एकजुट रहने का संदेश दिया गया।

# पायलट प्रोजेक्ट के तहत 10 रु. लीटर खरीदा जायेगा गोमूत्र

- 15 गांवों में गोमूत्र संग्रह केंद्र, 300 ग्रामीण महिलाएं बनीं शेयरहोल्डर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और प्राकृतिक खेती से जोड़ने की दिशा में बुलंदशहर में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों से 10 रुपये प्रति लीटर की दर से गोमूत्र खरीद की जा रही है। परियोजना की सफलता के बाद इसे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में विस्तार देने की योजना है।

बुलंदशहर की स्याना तहसील के नरसैना गांव में डॉ. प्रवीण के नेतृत्व में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट से फिलहाल 15 गांवों को जोड़ा गया है। इन गांवों में गोमूत्र संग्रह के लिए केंद्र बनाए गए हैं। वर्तमान में इन केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 500 लीटर गोमूत्र एकत्र किया जा रहा है। परियोजना के अगले चरण में खरीद की दर को बढ़ाकर 20 रुपये प्रति लीटर करने की योजना बताई गई है। गोमूत्र संग्रह के लिए गांवों में करीब 200 लीटर क्षमता वाले टैंक लगाए गए हैं। इससे पशुपालकों को गोमूत्र बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता और गांव में ही संग्रह की सुविधा मिल रही है। स्थानीय स्तर पर व्यवस्था होने से ग्रामीण महिलाओं को भी इस पहल से जोड़ने में मदद मिली है। गोमूत्र संग्रह में सहयोग करने वाली महिलाओं को प्रति लीटर दो रुपये कमीशन दिया जा रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए गांव में रहते हुए अतिरिक्त आय का अवसर तैयार हुआ है।




परियोजना को केवल गोमूत्र संग्रह तक सीमित न रखते हुए इसे महिला सशक्तीकरण से भी जोड़ा गया है। करीब 300 महिलाओं को शेयरहोल्डर बनाया गया है। महिलाएं गोमूत्र संग्रह और स्थानीय स्तर पर संचालित व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। परियोजना से जुड़े लोगों का कहना है कि गोपालन करने वाले परिवारों की महिलाओं के लिए यह घर और गांव के आसपास रहते हुए अतिरिक्त आय का जरिया बन सकता है। एकत्र किए गए गोमूत्र का उपयोग विभिन्न जड़ी-बूटियों के साथ मिलाकर खेती में इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पाद तैयार करने में किया जा रहा है। तैयार उत्पादों को समितियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। परियोजना का उद्देश्य गोवंश से मिलने वाले उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने के साथ प्राकृतिक और जैविक खेती से जुड़े विकल्पों को बढ़ावा देना भी बताया गया है।

**दूध के साथ गोमूत्र से भी आय बढ़ाने की कोशिश :** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन से होने वाली आय मुख्य रूप से दूध और दुग्ध उत्पादों पर निर्भर रहती है। इस पहल के जरिए गोमूत्र को भी आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। 10 रुपये प्रति लीटर की खरीद दर से पशुपालकों को अतिरिक्त आमदनी मिल सकती है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, खरीद और संग्रह का नेटवर्क बढ़ने पर अधिक पशुपालकों को इससे जोड़ा जा सकेगा। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, बुलंदशहर में शुरू किया गया मॉडल गो संरक्षण, ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तीकरण और प्राकृतिक खेती को एक साथ जोड़ने का प्रयास है।

इसमें गांवों से गोमूत्र का संग्रह, महिलाओं को कमीशन और एकत्र सामग्री से कृषि उत्पाद तैयार करने की व्यवस्था शामिल है। पायलट प्रोजेक्ट से मिले अनुभवों के आधार पर इसे प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार देने की योजना है। इससे गोपालकों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर विकसित करने और गो संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

## संक्षेप

### राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में नगर के मेराज खान ने स्वर्ण पदक जीता

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बरेली शहर में आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी होनहार खिलाड़ी मेराज खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में मेराज ने अपनी ताकत और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। मेराज खान की इस शानदार उपलब्धि की खबर जैसे ही नगर पहुंची, उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने उनके घर पहुंचकर तथा फोन पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगरवासियों ने कहा कि मेराज की सफलता ने नगर ही नहीं बल्कि जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। मेराज ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आगे भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर नगर और जिले का नाम रोशन करना है। मेराज की उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में भी उत्साह है।

### बच्चों को एल्बेडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को सीएचसी में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरूआत की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बच्चों को दवा खिलाई और अभियान के महत्व की जानकारी दी।अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों, किशोरों और किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल निःशुल्क खिलाई जाएगी। यह दवा क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध है। गैर-पंजीकृत और स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर ले जाकर दवा खिला सकते है। कहाकि नियमित रूप से कृमि नियंत्रण की दवा देने से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने में मदद मिलती है।इस दौरान बीपीएम मलखान सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रशांत दीक्षित, यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ, बीसीपीएम संगीता गौतम, फार्मासिस्ट महेश साहू समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# अराजक तत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश थाना क्षेत्र के सतगुरु खेड़ा गांव में देर रात अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई तो गांव में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने गांव का माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और विरोध जताया। मौके पार पहुंचे क्षेत्रअधिकारी हसनगंज तथा एसडीएम हसनगंज शालिनी सिंह नें ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही आरोपियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने बताया कि कुछ दिनों तक प्रतिमा स्थल पर दो पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी तथा घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की मांग पर हुई जमीन की नाप, ग्रामीणों के प्रदर्शन के दौरान आंबेडकर पार्क की जमीन पर कब्जे का मामला भी सामने आया। ग्रामीणों की मांग पर तहसील प्रशासन ने आंबेडकर पार्क की जमीन की नाप कराई। ग्रामीणों का कहना है कि पार्क की करीब 10 बिस्वा जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने कई वर्षों से कब्जा कर रखा है।इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन जमीन को कब्जामुक्त नहीं कराया जा सका।पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामस्वरूप के प्रार्थना पत्र पर चार दिन पहले तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन की नाप की थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाप के आधार पर आंबेडकर पार्क की जमीन को कब्जामुक्त कराकर प्रतिमा स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई का चुनाव हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां उत्तर प्रदेशीय जूनियर्स हाईस्कूल शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई हिलौली का निर्वाचन सोमवार को आदर्श कंपोजिट विद्यालय मौरावां में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद को छोड़कर सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।निर्वाचन अधिकारी अरविंद शुक्ल और पर्यवेक्षक वरुण सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया कराई गई। इसी दौरान शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संघ पदाधिकारियों के अनुसार सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन आया था। केवल अध्यक्ष पद पर दो शिक्षकों ने पर्चा दाखिल किया। कमलेश कुमार और प्रदीप नारायण मिश्रा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। काफी समझाने के बाद भी दोनों ने नाम वापस नहीं लिया, जिसके बाद अपराह्न 3 बजे मतदान कराया गया।

कुल 120 सदस्यों में से 90 शिक्षकों ने वोट डाला। इसमें प्रदीप नारायण मिश्रा को 48 और कमलेश कुमार को 42 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी ने प्रदीप नारायण मिश्रा को 6 मतों से विजयी घोषित किया।

चुनाव के बाद जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष प्रदीप नारायण मिश्रा, महामंत्री शिवकांत वर्मा, उपाध्यक्ष रंजना कुरील, राकेश कुमार, मनोज कुमार व सुनीता दीक्षित, कोषाध्यक्ष विद्या शंकर मिश्र, संयुक्त मंत्री विनोद कुमार सिंह, कृष्ण कुमार राजू, उषा यादव व गायत्री पाल शामिल हैं।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री राम जन्म सिंह, कोषाध्यक्ष सरल कुमार, मंडलीय मंत्री अनिल शुक्ल, उपाध्यक्ष अनूप शुक्ल, रमेश कुमार और संरक्षक राघवेंद्र सिंह सहित लगभग 100 शिक्षक मौजूद रहे।

# रोडवेज बस सेवा पुनः चालू करने की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर से उन्नाव वाया धानीखेड़ा, खरझारा, कुंभी एवं तकिया मार्ग पर करीब 10 वर्षों से बंद रोडवेज बस सेवा को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के

प्रदेश महासचिव डॉ. बृजेंद्र प्रताप सिंह ह्यराजूह्न की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद रोडवेज बस स्टैंड, उन्नाव की प्रभारी सरोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने कहा कि बस सेवा बंद होने से इस मार्ग से जुड़े किसानों, ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं आम यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।विशेष रूप से कटरी क्षेत्र के किसानों को बीघापुर तहसील तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने रोडवेज विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से जनहित और किसान हित में बंद बस सेवा को शीघ्र पुनः संचालित करने की मांग की।इस दौरान वीरेंद्र सिंह ह्यफौजी, अभिषेक पांडेय, शंभू सिंह, मुकेश सिंह , सार्थक अवस्थी सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त चरण-2026 का शुभारंभ रविवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोती नगर में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने किया। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल-400 एमजी की गोली खिलाई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अगर बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। इसी उद्देश्य से भारत सरकार एनएचएम के तहत हर साल फरवरी और अगस्त में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाती है। इस दौरान स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दवा दी जाती है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने बताया कि जनपद के 4529 स्कूलों और 3352 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 13,00,360 बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी। अपर सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. जे.आर. सिंह ने कहा कि इस दवा से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और एनीमिया में भी फायदा मिलता है।अधिकारियों ने बताया कि अभियान के पहले दिन जनपद में करीब 8,72,712 बच्चों को दवा दी जा चुकी है।जो बच्चे छूट गए हैं उन्हें 14 अगस्त 2026 को मॉपअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।अभियान के सफल संचालन के लिए राज्य स्तर से आई उप-महाप्रबंधक आरबीएसके/आरकेएसके डॉ. रेशमा मसूद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जनपद स्तर पर 8 टीमें और ब्लॉक स्तर पर सीएमएस/प्रभारी चिकित्साधिकारी, एचईओ, एआरओ, बीसीपीएम, बीपीएम व आरबीएसके टीमों ने स्कूलों में जाकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलवाई। अब तक किसी भी स्कूल से दवा का कोई दुष्प्रभाव सामने नहीं आया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक 18 वर्षीय युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मगरवारा निवासी राम कुमार के बेटे हिमांशु की उम्र 18 साल थी और वह चाय की दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार, रविवार रात वह घर पर ही था और परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। सोमवार सुबह जब परिजन हिमांशु के कमरे की ओर पहुंचे, तो उसका शव फंदे से लटका हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# बरगद बचाओ महाअभियान के बढ़ते कदम

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर स्थित मां वनखंडी देवी एवं शिव मंदिर धाम परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बरगद बचाओ महाअभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर समिति के अध्यक्ष शरदेंदु कुमार मिश्र ह्यसोनीह्न द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव प्रभारी एवं ट्री मैन के नाम से लोकप्रिय पर्यावरण प्रेमी अनूप मिश्र ह्यअपूर्वह्न तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ोंवा के सहायक अध्यापक एवं समाजसेवी डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को मंदिर समिति द्वारा ह्यपर्यावरण प्रहरी वृक्ष मित्र सम्मानह्न से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अनूप मिश्र ह्यअपूर्वह्न ने अपनी चर्चित ह्यवृक्ष जल कथाह्न के माध्यम से पेड़ों की उपयोगिता, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बरगद बचाओ महाअभियान की जानकारी दी , उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बरगद के औषधीय, पर्यावरणीय एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय परंपरा में बरगद को देववृक्ष के रूप में पूजनीय स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अनूप मिश्रा द्वारा शुरू किया गया ह्यबरगद बचाओ महाअभियानह्न अब जनभागीदारी के साथ लोगों के बीच अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और बरगद संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष जयकरन सिंह, पूर्व सैनिक राजेश सिंह, भारत सिंह, शिवहर्ष सिंह, रज्जन शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, आशीष त्रिवेदी, सुशील सिंह, राहुल त्रिवेदी, बबलू लोधी, अंकित पांडेय, सरजू प्रसाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन आशीष अवस्थी मुन्ना ने किया। अंत में समिति अध्यक्ष शरदेंदु कुमार मिश्र सोनी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में तिरंगे पर आधारित तोरण निर्माण प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में तिरंगे पर आधारित तोरण निर्माण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सरस्वती, नील कुमारी, तनु , बी.ए, कोमल पटेल एम ए, तनवीर फातिमा, आलोशी, लायबा, नेहा, राधा, सीता, बसोनाली ने तिरंगे रंग केसरिया, हरे, सफेद फूलों एवं पत्तियों से तोरण निर्माण कर प्रदर्शन किया। साथ ही तिरंगे को हाथों में लहराया। प्राचार्य डॉ दिग्विजय नारायण ने छात्रों की मेहनत एवं लगन की भूरि भूरि प्रशंसा कीह्न इस अवसर पर समारोहक डॉ सविता राजन डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ हरिओम दिवाकर डॉ अभिषेक कुमार , डॉ अभय राजपूत, प्रेम कुमार गौतम, विनोद चंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# अस्पताल संचालक ने शिव भक्तों को कराया जलपान




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सावन के पवित्र माह में गंगा जल लेकर जा रहे कांवड़ियों का हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल संचालक ने भक्तों को जलपान करा कर उन्हें रवाना किया सफीपुर कस्बा के हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल की संचालक फिरोजा बेगम ने कांवड़ लेकर जा रहे शिव भक्तों को जलपान करा कर रवाना किया इस मौके पर आशीष सिंह समाजसेवी हिमांशु मिश्रा अजय ठाकुर मनु शुक्ला राज समेत अस्पताल स्टॉप मौजूद रहा

# मानसून टूनार्मेंट का धमाकेदार किया गया समापन

अमन लेखनी समाचार




मौरावां, उन्नाव। केएनपी इंटर कॉलेज मैदान पर 5 दिन तक चला मानसून टूनार्मेंट रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। फाइनल देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मैदान पर उमड़े और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। फाइनल में उन्नाव की अशोक एक्सल ने शानदार प्रदर्शन कर संजय इलेवन को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को विनर कप देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता संजय इलेवन को भी ट्रॉफी और वाशिंग मशीन देकर नवाजा गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच का खिताब शिवम फैजाबादी को मिला, जबकि पूरे टूनार्मेंट में शानदार खेल दिखाने वाले अमन गोमती नगर को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

समापन समारोह में खास मेहमान के तौर पर आईपीएल प्लेयर कामरान खानपुर पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर मौरावां आदर्श नगर पंचायत के अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ और योगेंद्र सेठ भी मौजूद रहे। दोनों ने विजेता और उपविजेता टीमों को कप देकर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष ने आयोजन समिति के मनुजेंद्र सिंह को धनराशि देकर आयोजन की सराहना की। टूनार्मेंट के सहयोगी राजीव सिंह, शोभित तिवारी, शिवम पाठक और सिद्धार्थ गोलू माली भी मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण में उन्नाव टीम को 70,000 रुपये नगद और बाराबंकी टीम को 35,000 रुपये नगद देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि पहली बार हुए इस मानसून टूनार्मेंट में दर्शकों का जोश देखने को मिला वो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा ये सिर्फ शुरूआत है, अब हर साल मानसून टूनार्मेंट कराया जाएगा।

# वरासत आवेदन लेखपाल बिना जांच किए कर देते हैं निरस्त

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। खतौनी में दर्ज खातेदार की मृत्यु के बाद उनके वारिश खतौनी में वरासत दर्ज कराने के लिए आवेदन करते हैं लेकिन लेखपाल बिना जांच किए वरासत कागज उपलब्ध कराए जाने की रिपोर्ट लगाकर आवेदन निरस्त कर देते है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में भ्रष्टाचार चरम पर है खतौनी खाता धारक की मृत्यु कई वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी उनके वारिसों के नाम खतौनी पर दर्ज नहीं हो पा रहे हैं जहां उनके वारिस ऑनलाइन आवेदन करते हैं अपने आधार कार्ड मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य सारे दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन के साथ ही संलग्न कर देते हैं लेकिन लेखपाल बिना जांच किया केवल यह जांच रिपोर्ट में




आख्या लगा देते हैं कि मुझको मूल कागज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं जिसके कारण सही जांच नहीं हो पाई है और आवेदन निरस्त कर देते हैं ऐसे ही सैकड़ो मामले तहसील बीघापुर में है जिनकी मृत्यु एक वर्ष से अधिक व 10 वर्ष तक है जबकि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा लेखपालों को निर्देश है कि मृत्यु की जानकारी लेखपाल गांव में करें और मृतक खाता धारक के वारिसों के नाम वरासत कर दी जाए लेकिन यहां तो कुछ उल्टा ही है लेखपाल वरासत के नाम पर हजारों रुपए की डिमांड करते हैं जब उनकी मांग पूरी नहीं हो पाती है तब ऐसे मृतक के वारिस सालों से तहसील में चक्कर वरासत दर्ज कराने के लिए काट रहे हैं

# अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में सात कांवरिया घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में सात कांवरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दो कांवरियों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम आसायश निवासी विनय पुत्र चुन्नीलाल, अंबुज पुत्र सत्यनारायण और राज सिंह पुत्र छत्रपाल तीनों कांवरिया बाइक से गंगाजल लेकर लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी घटना हरदोई-उन्नाव मार्ग पर ग्राम दुल्लापुरवा के निकट हुई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बदली पुरवा निवासी बबलू पुत्र कल्लू, प्रमोद पुत्र प्रभुदयाल, सूरज पुत्र नरेंद्र और अमित दो बाइकों से गंगाजल लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में चारों कांवरिया गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गहरे तालाब में डूबकर युवक की मौत परिजनो में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के देवगांव मजरे मद्दुखेड़ा खेड़ा गांव में सोमवार भोर पहर शौचक्रिया के लिए तालाब किनारे गए 35 वर्षीय युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र श्रीराम सोमवार भोर गांव के बाहर शौचक्रिया के लिए गया था। इसी दौरान तालाब किनारे उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। बताया जा रहा है कि गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए मिट्टी निकाले जाने के कारण यहां तालाब की गहराई करीब 15 से 20 फीट तक हो गई है, जिससे युवक गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से पत्नी सीमा और 12 वर्षीय पुत्र काशी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# प्रश्न पत्र बनाने की पूरी व्यवस्था में हो बदलाव

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट ने परीक्षा व्यवस्था की उस कमजोरी को उजागर किया है, जिस पर अब तक पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं हुआ था। सवाल केवल पेपर लीक का नहीं, उस भरोसे का है जिस पर देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं का पूरा तंत्र टिका है। कहावत है कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो खेत की रखवाली किससे की जाए? नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट से सामने आए आरोपों ने इसी सवाल को एक बार फिर प्रासंगिक बना दिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया से जुड़े विशेषज्ञों ने कथित तौर पर प्रश्नों को याद किया और बाद में इन्हीं प्रश्नों को लीक करने में उनकी भूमिका रही। यदि जांच में सामने आए ये आरोप अदालत में भी प्रमाणित होते हैं तो यह केवल कुछ लोगों की बेईमानी का मामला नहीं होगा, बल्कि परीक्षा की पूरी गोपनीयता व्यवस्था की गंभीर कमजोरी मानी जाएगी। नीट जैसी परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का फैसला करती है। देश के छोटे शहरों और गांवों में रहने वाले लाखों परिवार वर्षों तक अपने बच्चों की पढ़ाई पर पैसा और समय लगाते हैं। विद्यार्थी दिन-रात मेहनत करते हैं और उन्हें उम्मीद होती है कि परीक्षा में उनके ज्ञान और मेहनत का मूल्यांकन होगा। ऐसे में यदि किसी को प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाए तो नुकसान केवल उन विद्यार्थियों का नहीं होता जो परीक्षा में पीछे रह जाते हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर चोट होती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रश्नपत्र की गोपनीयता सुनिश्चित करना है। व्यवस्था को व्यक्ति-आधारित भरोसे से आगे बढ़ाकर तकनीक और बहुस्तरीय सुरक्षा पर आधारित करना होगा। सबसे पहला सुधार प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में किया जा सकता है। एक विशेषज्ञ को पूरा प्रश्नपत्र देखने या तैयार करने की जिम्मेदारी देने के बजाय प्रश्नों का बड़ा बैंक तैयार किया जाए। हजारों-लाखों प्रश्नों का एक सुरक्षित डिजिटल बैंक हो और परीक्षा से ठीक पहले अत्यंत सीमित समय में अत्याधुनिक एन्क्रिप्टेड प्रणाली के जरिए अलग-अलग प्रश्नों का चयन कर प्रश्नपत्र तैयार किया जाए। अंतिम प्रश्नपत्र किस क्रम में बनेगा, उसमें कौन से प्रश्न आएंगे, इसकी पूरी जानकारी किसी एक व्यक्ति के पास न हो। प्रश्नपत्र एक सुरक्षित एल्गोरिदम के जरिए तैयार हो और अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नों का क्रम भी अलग हो। हालांकि इसके लिए मजबूत तकनीकी और साइबर सुरक्षा ढांचा जरूरी होगा। दूसरा विकल्प यह है कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा के बीच का समय न्यूनतम किया जाए। पहले प्रश्नपत्र तैयार करके उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना अपने आप में जोखिम पैदा करता है। इसलिए 'प्रिंट करके सुरक्षित रखने' की पुरानी व्यवस्था के बजाय परीक्षा के बेहद करीब प्रश्नपत्र को अंतिम रूप देने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। एक उपाय यह हो सकता है कि प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों की नियुक्ति में भी अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जाए। उनकी पृष्ठभूमि की स्वतंत्र जांच, हितों के टकराव की जांच और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि एनटीए को यह स्वीकार करना होगा कि परीक्षा की गोपनीयता केवल 'गोपनीय दस्तावेज' रखने से सुनिश्चित नहीं हो सकती। यह एक पूरी सुरक्षा-शृंखला है। प्रश्न बनाने से लेकर प्रश्नपत्र तैयार करने, सुरक्षित रखने, छपाई, परिवहन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की हर कड़ी मजबूत होनी चाहिए। किसी एक कड़ी में सेंध पूरी व्यवस्था को विफल कर सकती है।



मुद्दा

रोहित माहेश्वरी

# संसद का मानसून सत्र हंगामे के हवाले

> जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

देश के बड़े समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें अगर खामोश रहेंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। उनका मतलब ये था कि किसी भी लोकतंत्र को जगाए रखने के लिए जनता को खुद जागते रहना होगा। देश की जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

संसद पहले ज्यादा चलती थी। धीरे-धीरे राजनीति बढ़ती गई। हंगामा बढ़ता गया। चर्चा घटती गई। भारत की पहली लोकसभा 14 सत्र में 3784 घंटे तक चली थी, अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 1974 तक लगातार बैठकों की संख्या हर लोकसभा कार्यकाल में 100 से ज्यादा रहीं। 1974 के बाद 2011 तक केवल 5 बार ऐसा हुआ कि सदन में बैठकों की संख्या 100 के पार गई। पहली लोकसभा में 333 बिल पास हुए थे। 17वीं लोकसभा यानी पिछली लोकसभा में 2019 से 2024 के बीच 222 बिल पास हुए। इस बार संसद में हंगामे के बीच जनता के लिए जरूरी बिल पास हुए हैं, लेकिन विपक्ष की तरफ से बिना चर्चा किए हुए। संसद के मानसून सत्र के पहले हफ्ते में भारी हंगामे और गतिरोध के कारण कामकाज बेहद कम हुआ है। सदन का अधिकांश समय हो हल्ले में बीत गया। अहम बिंदु यह है कि संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख रुपये खर्च का अनुमान है। आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हो जाता है। संसद सत्र के 7 घंटों में एक घंटा लंच को हटाकर बचते हैं 6 घंटे। इन 6 घंटों में दोनों सदनों में केवल विरोध, हल्ला और शोर होता है, जिसके कारण हर मिनट में ढाई लाख रुपये बर्बाद हो रहे हैं। संसद में हंगामा होने के कारण आम आदमी का ढाई लाख रुपये हर मिनट बर्बाद होता है। संसद में बैठने वाले 93 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपये हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपये होता है। दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपये है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपये जनता के पैसे से दिया जाता है। सरकार का यह आरोप रहता है कि विपक्ष बिना किसी ठोस प्रक्रिया के जानबूझकर सदन में हंगामा करता है और कार्यवाही बाधित करता है। वहीं, विपक्ष का तर्क यह है कि सरकार उनकी आवाज को दबाना चाहती है और जनहित या राष्ट्रीय महत्व के जरूरी मुद्दों पर चर्चा से भागती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसद देश के दूर-दूर के कोनों से अपने लोगों की बात रखने आते हैं। करोड़ों लोगों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिन का सत्र शुरू होते ही विपक्ष के कुछ सांसद जोर-जोर से नारेबाजी, टेबल पीटना, तालियां बजाना और चिल्लाना



शुरू कर देते हैं। अगर वे संसद चलने दें, तो अपने मुद्दे विपक्ष प्रश्न और शून्य काल के अलावा बिलों पर चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकता है। लेकिन इस तरह हर दिन सदन को न चलने देना संसद की गरिमा के ख़िलाफ़ है। विरोध आपका अधिकार है और मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना आपका कर्तव्य, लेकिन इस तरह संसद में ये सब करके आप किसका भला कर रहे हैं? सारा देश हमें देख रहा है, हम उस सदन में बैठे हैं जहां देश के कई सबसे महान नेता कभी बैठते थे। उन्होंने देश के विकास की नींव रखी। विपक्ष के इस असहयोगात्मक रवैये के कारण जहां एक तरफ करोड़ों रुपयों की जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी तरफ देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा भी नहीं हो पा रही है। हंगामे, शोर-शराबे और नोक झोंक के बीच लोकसभा में एंटी पेपरलीक संशोधन बिल ध्वनि-मत से पारित करना पड़ा। इस बिल पर 45 सांसदों ने, 10 से ज्यादा घंटे की बहस के दौरान, अपनी बात रखी और संशोधन भी पेश किए, लेकिन बिल पर मत-विभाजन तक नहीं कराया गया। यह लोकतंत्र की सूक्ष्म एवं महत्वपूर्ण अनिवार्यता है। संसद में सार्थक चर्चा और बहस का होना लोकतंत्र की जीवंतता के लिए अनिवार्य है। यदि सदन में गंभीर संवाद के बजाय केवल हंगामा या बिना चर्चा के कानून पास होने की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो जनता का जवाबदेही और शासन प्रणाली से विश्वास उठने लगता है। वहीं, बिना पर्याप्त चर्चा के पारित विधेयक लोकतांत्रिक संस्थाओं की गहराई और गंभीरता को कम करते हैं। अहम सवाल यह है कि संविधान में संसद सत्र आयोजित किए जाने की जो व्यवस्था की गई है, क्या उसका मूल उद्देश्य पूर्ण हो पा रहा है? अगर किसी कानून या योजना को सक्षम एवं कारगर बनाने में विपक्ष की कोई भूमिका न हो, तो संसद की प्रासंगिकता क्या रह जाएगी? इसमें दोराय नहीं कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की है। मगर जब विपक्ष कोई सवाल या समस्या उठाता है, तो उसका निराकरण करना सत्ता पक्ष का दायित्व होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष अपनी जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ सकता। संसद के मानसून सत्र की अब तक की अवधि पर नजर डालें, तो हंगामा और कार्यवाही का स्थगन, इन्हीं दो बातों पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है कि स्थगन, कार्यवाही का पर्याय बन गया है। विपक्ष नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस कार्रवाई तथा राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दों को लगातार संसद में उठा रहा है और हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो जाती है। इस बीच महत्वपूर्ण विधेयक भी व्यापक चर्चा के बिना ही पारित हो जाते हैं।

विपक्ष का कहना है कि सरकार उनकी मांग को नजरअंदाज कर लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है, तो सत्ता पक्ष का दावा है कि विपक्ष जानबूझकर सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इसी का नतीजा रहा कि लोकसभा में उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 और राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक भी विस्तृत चर्चा के बगैर ही पारित कर दिए गए। इस तर्क-वितर्क और राजनीति के बीच संसद से सैकड़ों किमी दूर बुनियादी सुविधाओं से वंचित बैठा आम आदमी यह सोचता रहता है कि उम्मीद की कोई किरण तो जनप्रतिनिधि ही निकाल सकते हैं। यही आम आदमी इस भरोसे में रहता है कि जिन्हें चुनकर संसद भेजा है, वही सार्थक बहस करके नई अलख जगाएंगे, लेकिन जब वही प्रतिनिधि दलगत राजनीति और रणनीति के तहत संसद में चर्चा की बजाय हंगामा करते हैं तो वो आम आदमी की उम्मीदों को निर्दयता से तोड़ते दिखाई देते हैं।

## यूएस में इंडिया डे

महेन्द्र तिवारी



# भारतीय प्रतिभा व परिश्रम का वैश्विक सम्मान

अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स द्वारा 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया जाना महज एक प्रतीकात्मक घटना नहीं है, बल्कि यह व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में भारतीय समुदाय के विशेष योगदान को दी गई एक बड़ी आधिकारिक मान्यता है। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि स्वतंत्रता दिवस का जश्न अब केवल भारतीयों की भावनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक प्रमुख अमेरिकी राज्य द्वारा भारतीयों की अनवरत मेहनत और असाधारण प्रतिभा के प्रति प्रकट किया गया गहरा सम्मान भी है। अमेरिका को लंबे समय से अवसरों की भूमि कहा जाता रहा है। दुनिया के लगभग हर हिस्से से लोग एक बेहतर भविष्य की तलाश में वहां पहुंचे और अपनी कड़ी मेहनत तथा बौद्धिक क्षमता से उस महान राष्ट्र की प्रगति में समान भागीदार बने। इन्हीं तमाम प्रवासी समुदायों के बीच भारतीय मूल के अमेरिकी आज सबसे प्रभावशाली और सम्मानित समूहों में गिने जाते हैं। उनकी आबादी अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल डेढ़ प्रतिशत के आसपास है, लेकिन जब बात अर्थव्यवस्था, विज्ञान, चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीति की आती है, तो उनका प्रभाव उनकी संख्या के अनुपात से कहीं अधिक विशाल और स्पष्ट दिखाई देता है। यह स्थिति केवल कुछ व्यक्तियों की आर्थिक सफलता की कहानी भर नहीं है। यह इस तथ्य का एक जीवंत प्रमाण है कि शिक्षा, अथक परिश्रम और निरंतर नवाचार किसी भी समाज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों की आबादी पचास लाख के करीब मानी जाती है और यह समुदाय अमेरिका के सबसे शिक्षित तथा सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले गिने-चुने समुदायों में शीर्ष पर विराजमान है।

भारतीय अमेरिकी समुदाय की इस अपार सफलता की सबसे बड़ी और मूल शक्ति उनकी शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा है। उच्च शिक्षा और पेशेवर डिग्रियां प्राप्त करने वाले भारतीयों का अनुपात अन्य तमाम प्रवासी समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वित्त, कानून और गहन अनुसंधान जैसे जटिल क्षेत्रों में भारतीयों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं और यही मुख्य कारण है कि उनकी औसत घरेलू आय अमेरिका की राष्ट्रीय औसत आय के आंकड़े से काफी ऊपर है। यह शानदार आर्थिक सफलता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के दायरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारी मात्रा में कर भुगतान, निवेश, उपभोग और नए रोजगार सृजन के माध्यम से यह सीधे तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को एक बहुत मजबूत आधार प्रदान करती है। भारतीय अमेरिकी केवल बड़े पदों पर नौकरी करने या कॉर्पोरेट जगत में उच्च वेतन प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने उद्यमिता और व्यापार के क्षेत्र में भी दुनिया को अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। प्रशासनिक व्यवस्था, न्यायपालिका और विभिन्न नीति निर्माण संस्थाओं में भी भारतीय मूल के विशेषज्ञों की निरंतर बढ़ती संख्या यह साबित करती है कि उन्होंने अमेरिका में केवल धन ही नहीं, बल्कि वहां के समाज का गहरा विश्वास और सम्मान भी अर्जित किया है। इस पूरी सफलता के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू भारतीय समुदाय की अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रखना भी है। भारतीय अमेरिकियों ने अपने त्योहारों, भाषाओं, पारंपरिक संगीत, नृत्य, योग, आयुर्वेद और अपने सुदृढ़ पारिवारिक मूल्यों को सात समंदर पार भी पूरी तरह से जीवित रखा हुआ है।

आज दीपावली, होली और स्वतंत्रता दिवस जैसे उत्सव केवल भारतीय समुदाय के घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अमेरिकी समाज के अन्य तमाम वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लेने लगे हैं। यह सांस्कृतिक स्वीकार्यता विश्व पटल पर भारत की बढ़ती हुई सॉफ्ट पावर का एक बहुत बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। मैसाचुसेट्स राज्य द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे घोषित किया जाना इसी गहरे सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभाव का एक बहुत ही सुंदर परिणाम है। हावर्ड और एमआईटी जैसे संस्थानों वाले इस राज्य में यह घोषणा केवल एक सांकेतिक निर्णय नहीं है.

# सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश जरूरी



संकलित

दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है।

# छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नजदीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या जरूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा, लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## सटाका




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ता तंबाकू सेवन एक गंभीर चुनौती

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती है, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। *- विनय कुमार, रेवाड़ी*

## करंट अफेयर

# बोस्टन में मनेगा भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

बोस्टन में भारतीय-अमेरिकी समुदाय भारत के स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस अवसर पर भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी को भी प्रदर्शित करेंगे। 'फाउंडेशन ऑफ इंडियन-अमेरिकन्स' (एफआईए)- न्यू इंग्लैंड द्वारा नौ अगस्त को बोस्टन में 5वीं 'इंटरनेशनल इंडिया डे परेड' आयोजित की जाएगी। इसे न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में भारत के स्वतंत्रता दिवस, उसकी सांस्कृतिक विरासत और भारत-अमेरिका की स्थायी मित्रता के सबसे बड़े आयोजनों में से एक माना जाता है।



## ऑफ बीट

# संतान पालने को मजबूत साझेदार बनाते हैं पक्षी

कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं।



## ट्रेंड

### भारत का मान

सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज जीतने और अपना पहला ग्रैंड चेस टूर खिताब हासिल करने पर आर. प्रज्ञानंद को हार्दिक बधाई। टूर्नामेंट के दौरान आपके शानदार प्रदर्शन, बेहतरीन रणनीति और अटूट फोकस ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है।
- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र



### 'वंदे मातरम्'

'वंदे मातरम्' भारत की राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का शाश्वत भाव है। विधानसभा में इसकी गूंज हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखने और जन-कल्याण, सुशासन तथा 'विकसित दिल्ली' के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दिलाती है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### व्यावहारिक समाधान

हमारी सरकार झारखंड सहित पूरे देश के छात्रों और युवाओं की समस्याओं के लिए ठोस और व्यावहारिक समाधानों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सभी जिलों के छात्रों से राय और सुझाव लेगी, ताकि समाधान व्यापक और समावेशी हो।
- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड



### ई20 का फैसला

सरकार से ई20 का फैसला वापस करवाने का एक आसान तरीका है: गोवा चुनाव में बीजेपी को हराने व उनके अति-आत्मविश्वास को तोड़ने के लिए एकजुट हो। मैं गारंटी देता हूं कि चुनाव नतीजों के पांच दिनों के भीतर सरकार ई 20 को वापस ले लेगी।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



## संक्षेप

### संग्रामपुर पुलिस ने छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी; सोशल मीडिया फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताए**

अमेठी , संग्रामपुर थाना क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर पुलिस ने शनिवार को इंटर कॉलेज कालिकन धाम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस टीम ने सैकड़ों छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, आत्मरक्षा के तरीके और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं से कहा गया कि किसी भी परेशानी में डरने या चुप रहने के बजाय तत्काल पुलिस और संबंधित हेल्पलाइन की मदद लें। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए गए। छात्राओं को बताए कानूनी अधिकार और सुरक्षा के उपायथाना संग्रामपुर में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार, महिला आरक्षी पूनम और अनामिका मिश्रा इंटर कॉलेज कालिकन धाम पहुंचीं। पुलिस टीम ने छात्राओं से संवाद करते हुए महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर चर्चा की। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी तरह के उत्पीड़न का विरोध करने के लिए प्रेरित किया गया।मुसीबत में 1090, 112 और 181 आएंगे कामपुलिस टीम ने छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया गया कि 1090 विमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 181 महिला हेल्पलाइन पर जरूरत पड़ने पर सहायता ली जा सकती है। छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में समय गंवाए बिना संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिएमहिला अपराधों से जुड़े कानून भी समझामहिला कांस्टेबल अनामिका मिश्रा ने छात्राओं को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। छात्राओं को अपने साथ होने वाली घटना की जानकारी परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।सोशल मीडिया पर बरतें सावधानीमहिला कांस्टेबल पूनम ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में बताया।

### सांप काटने से बालिका की मौत

**नाना के घर रहती थी, अस्पताल में तोड़ा दम**

अमेठी, जिले के गुगवाछ गांव में देर रात सांप के काटने से 14 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। वह अपने नाना के घर रह कर पढ़ाई करती थी। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी कपिलकांत शुक्ला की पुत्री कीर्ति ( 14 ) गुगवाछ गांव में अपने नाना के घर पर रह रही थी। देर रात जब वह घर में थी, तभी उसे सांप ने काट लिया।सांप के काटने की जानकारी मिलते ही परिजनों में चिंता फैल गई। परिजन तत्काल बालिका को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बालिका को बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन गंभीर हालत के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

# आईसीपी में सुरक्षा घेरा एवं गेट तोड़कर कार लेकर फरार हुए युवकों में एक गिरफ्तार, जांच जारी

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट ( आईसीपी ) में रविवार को बिना जांच के कार लेकर घुसने और वापस लौटते समय गेट तोड़कर फरार होने के मामले में रूपईडीहा पुलिस ने एक युवक को मटेरा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों में कैद कार के नंबर के आधार पर उसका पीछा कर आरोपी को पकड़ा गया। मामले में एक अन्य युवक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान मोहम्मद कलाम निवासी बसीरगंज, बहराइच के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने अपने साथ अफजाल नामक युवक के होने की जानकारी दी है, जो बहराइच का ही रहने वाला बताया गया है। घटना के बाद अफजाल मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।थाना प्रभारी के मुताबिक, गिरफ्तार युवक नशे की हालत में था। पूछताछ में सामने आया कि दोनों युवक कैसीनो खेलने के लिए नेपाल जाने का प्रयास कर रहे थे। आईसीपी के रास्ते नेपाल जाने में सफल नहीं होने पर दोनों कार लेकर वापस लौटे और कथित तौर पर नशे की हालत में आईसीपी का गेट तोड़ते हुए फरार हो गए।पुलिस के अनुसार, मटेरा के पास कार को पकड़ लिया गया, लेकिन उसमें सवार युवक ने कार को लॉक कर उसकी चाबी कहीं फेंक दी। इसके चलते फिलहाल कार की तलाशी नहीं हो सकी है। पुलिस कार को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। कार के अंदर क्या सामान था, इसका पता तलाशी के बाद ही चल सकेगा।

### संवेदनशील आईसीपी में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

भारत-नेपाल सीमा का यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है तथा आवागमन करने वालों की गहन जांच की जा रही है। ऐसे में आईसीपी जैसे संवेदनशील परिसर में एक कार का बिना जांच के अंदर प्रवेश करना और फिर गेट तोड़कर वापस निकल जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आईसीपी में आम व्यक्ति के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रहती है। यहां तक कि अधिकृत कस्टम एजेंटों को भी अंदर जाने से पहले कई स्तर की जांच और पूछताछ से गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद कार का सुरक्षा घेरा पार कर अंदर पहुंचना और वापस उसी रास्ते से गेट तोड़कर निकल जाना सुरक्षा व्यवस्था में संभावित चूक की ओर इशारा करता है।स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि घटना को महज युवकों की लापरवाही मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह भी जांच का विषय है कि कार बिना जांच के आईसीपी परिसर में कैसे प्रवेश कर गई और घटना के बाद अब तक वाहन की तलाशी क्यों नहीं हो सकी। लोगों ने सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।


# आईसीपी में सुरक्षा घेरा एवं गेट तोड़कर कार लेकर फरार हुए युवकों में एक गिरफ्तार, जांच जारी

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट ( आईसीपी ) में रविवार को बिना जांच के कार लेकर घुसने और वापस लौटते समय गेट तोड़कर फरार होने के मामले में रूपईडीहा पुलिस ने एक युवक को मटेरा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों में कैद कार के नंबर के आधार पर उसका पीछा कर आरोपी को पकड़ा गया। मामले में एक अन्य युवक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान मोहम्मद कलाम निवासी बसीरगंज, बहराइच के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने अपने साथ अफजाल नामक युवक के होने की जानकारी दी है, जो बहराइच का ही रहने वाला बताया गया है। घटना के बाद अफजाल मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी के मुताबिक, गिरफ्तार युवक नशे की हालत में था। पूछताछ में सामने आया कि दोनों युवक कैसीनो खेलने के लिए नेपाल जाने का प्रयास कर रहे थे। आईसीपी के रास्ते नेपाल जाने में सफल नहीं होने पर दोनों कार लेकर वापस लौटे और कथित तौर पर नशे की हालत में आईसीपी का गेट तोड़ते हुए फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, मटेरा के पास कार को पकड़ लिया गया, लेकिन उसमें सवार युवक ने कार को लॉक कर उसकी चाबी कहीं फेंक दी। इसके चलते फिलहाल कार की तलाशी नहीं हो सकी है। पुलिस कार को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। कार के अंदर क्या सामान था, इसका पता तलाशी के बाद ही चल सकेगा।

### संवेदनशील आईसीपी में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

भारत-नेपाल सीमा का यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है तथा आवागमन करने वालों की गहन जांच की जा रही है। ऐसे में आईसीपी जैसे संवेदनशील परिसर में एक कार का बिना जांच के अंदर प्रवेश करना और फिर गेट तोड़कर वापस निकल जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि आईसीपी में आम व्यक्ति के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रहती है। यहां तक कि अधिकृत कस्टम एजेंटों को भी अंदर जाने से पहले कई स्तर की जांच और पूछताछ से गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद कार का सुरक्षा घेरा पार कर अंदर पहुंचना और वापस उसी रास्ते से गेट तोड़कर निकल जाना सुरक्षा व्यवस्था में संभावित चूक की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि घटना को महज युवकों की लापरवाही मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह भी जांच का विषय है कि कार बिना जांच के आईसीपी परिसर में कैसे प्रवेश कर गई और घटना के बाद अब तक वाहन की तलाशी क्यों नहीं हो सकी। लोगों ने सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# हर घर तिरंगा अभियान रुपईडीहा में 800 राष्ट्रीय ध्वज वितरित





**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**

रुपईडीहा, बहराइच। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत रुपईडीहा में राष्ट्रीय ध्वज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव के निर्देशन में नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नगर क्षेत्र में 800 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए।इस दौरान लोगों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने की अपील की गई। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराए। अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, गौरव और एकजुटता की भावना को प्रदर्शित करने का अवसर है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को तिरंगे से जोड़ना और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना है।

# कांवड़ियों पर बरसे फूल, पुलिस ने पिलाया पानी

### कैसरगंज में दिखा भाईचारे और सौहार्द का खूबसूरत मंजर

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराईच। सावन के पवित्र माह में भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर कांवड़ लेकर जा रहे श्रद्धालुओं के स्वागत में कैसरगंज पुलिस-प्रशासन ने इंसानियत, सेवा और सौहार्द की एक खूबसूरत मिसाल पेश की। कैसरगंज कोतवाली के सामने जैसे ही कांवड़ियों का जत्था पहुंचा, पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। पुलिस-प्रशासन की ओर से कांवड़ियों पर जमकर पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कांवड़ियों के स्वागत के लिए उपजिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार त्यागी थाना अध्यक्ष कैसरगंज राजकुमार पांडेय सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों के जत्थे पर फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

### गर्मी में पानी बांटकर पुलिस ने जीता कांवड़ियों का दिल

कांवड़ यात्रा के दौरान उमस और गर्मी को देखते हुए पुलिस-प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। कांवड़ियों को सैकड़ों बोतल पानी वितरित किया गया। पुलिसकर्मियों ने स्वयं श्रद्धालुओं को पानी उपलब्ध कराया, ताकि लंबी यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस-प्रशासन की इस सेवा भावना को देखकर कांवड़ियों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। श्रद्धालुओं ने पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ इस तरह की सेवा और आत्मीय स्वागत से उनका उत्साह और बढ़ गया है।



### सुरक्षा के साथ सेवा का भी दिखा जज्बा

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पहले से ही सतर्क नजर आया। मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। कांवड़ियों के जत्थे के गुजरने के दौरान पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था को भी संभाले रखा, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। कोतवाली के सामने अधिकारियों की मौजूदगी और पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी ने कांवड़ियों में सुरक्षा का भरोसा पैदा किया। वहीं पुष्पवर्षा और पेयजल वितरण ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया।

### पुष्पवर्षा से भावुक हुए श्रद्धालु, जमकर की पुलिस की तारीफ

पुलिस-प्रशासन की ओर से किए गए स्वागत से कांवड़िए बेहद खुश नजर आए। किसी ने पुलिसकर्मियों का आभार जताया तो किसी ने इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। कांवड़ियों ने कहा कि पुलिस का काम केवल सुरक्षा देना ही नहीं, बल्कि जरूरत के समय श्रद्धालुओं की सेवा करना भी है और कैसरगंज में पुलिस ने यह बात अपने व्यवहार से साबित कर दी। उन्होंने पुलिस प्रशासन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जिस गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया, वह हमेशा याद रहेगा

### कैसरगंज में दिखी सामाजिक समरसता की तस्वीर

कांवड़ यात्रा के दौरान कैसरगंज में दिखाई दिया यह दृश्य केवल एक स्वागत कार्यक्रम नहीं बल्कि सेवा, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश भी देता नजर आया। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कांवड़ियों पर फूल बरसाना और उन्हें पानी उपलब्ध कराना क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण की खूबसूरत तस्वीर पेश करता रहा। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा और कांवड़ियों का जत्था अपनी मंजिल की ओर रवाना होता गया। पुलिसकर्मियों ने भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जुट गए मंदिर की साफ सफाई में

### थानाध्यक्ष के इस कार्य की हो रही सराहना

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में प्रभारी निरीक्षक ने की साफ-सफाई। श्रद्धालुओं को दिया स्वच्छता का संदेश।जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र निहित रामपुर धोबियाहार ग्राम पंचायत स्थित पांडव कालीन बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिर परिसर में फूल-पत्तियों समेत अन्य पूजन सामग्री और कचरा जगह-जगह फैल गया। मंदिर परिसर में गंदगी देख खैरीघाट प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने स्वयं साफ-सफाई में जुटकर स्वच्छता का संदेश दिया।



उन्होंने मंदिर परिसर से कचरा हटाया और लोगों से पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक के इस प्रयास की मौजूद लोगों ने सराहना की।उन्होंने कहा कि मंदिर और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु और नागरिक का भी कर्तव्य है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले लोग पूजन सामग्री और कचरा इधर-उधर न फेंकें तथा साफ-सफाई में सहयोग करें।ज्ञात हो कि बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में सावन माह के दौरान आसपास के जनपदों के साथ ही नेपाल राष्ट्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए पहुंचते हैं। मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुराद भगवान भोलेनाथ पूरी करते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर की स्वच्छता बनाए रखना श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। वहीं स्थानीय श्रद्धालु ने बताया कि थाना अध्यक्ष खैरीघाट ने टीम सहित मिलकर साफ सफाई किया जो ओज, प्रतिभा, धार्मिक भावना, सहज स्वभाव व कुशल कार्य क्षमता का परिचायक है और अति सराहनीय कार्य है।

# चहलवा में वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

## कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही सपा नेत्री ललिता हरेंद्र पासवान

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र में वीरांगना फूलन देवी की जन्म जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सपा से संभावित प्रत्याशी ललिता हरेंद्र पासवान तथा विशिष्ट अतिथि महासचिव सुनील निषाद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वीरांगना फूलन देवी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके संघर्षों को याद किया। बलहा विधानसभा के कैलाश नगर चहलवा गांव में सोमवार को वीरांगना फूलन देवी की जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर वीरांगना फूलन देवी के संघर्ष, साहस और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधानसभा 282 से समाजवादी पार्टी की संभावित उम्मीदवार व नेत्री श्रीमती ललिता हरेंद्र पासवान रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि फूलन देवी ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए समाज के वंचित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज को मजबूती प्रदान की।उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि समाज में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिले। सामाजिक भेदभाव और शोषण के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया।ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि फूलन देवी केवल एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष और आत्मसम्मान की एक ऐसी मिसाल हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अस्तित्व और अधिकारों के लिए लड़ने का साहस दिखाया। उनके जीवन से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुनील निषाद मौजूद रहे। आयोजकों एवं कार्यकताओं द्वारा मुख्य अतिथि ललिता हरेंद्र पासवान सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मिथिलेश यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव सपा, अनूप मौर्य, प्रदीप मौर्य, बाबूराम निषाद, गीता प्रसाद निषाद, मूलचंद शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बूढ़ेश्वरनाथ मंदिर परिसर में चाट की दुकान पर गैस सिलेंडर फटने से लगी आग

### खैरीघाट पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**अमन लेखनी समाचार**



शिवपुर, बहराइच। गैस पाइप फटने से चाट की दुकान में लगी आग, तीन झुलसे। मंदिर परिसर में देर रात हुआ हादसा, खैरीघाट पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबियाहार ग्राम पंचायत स्थित बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर परिसर में रविवार देर रात करीब नौ बजे चाट की दुकान में गैस का पाइप अचानक फटने से आग लग गई। हादसे में एक महिला समेत तीन लोग झुलस गए। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मोनू कुमार गुप्ता ( 20 ) पुत्र ननकऊ गुप्ता, प्रेमा देवी ( 55 ) पत्नी ननकऊ गुप्ता और आशीष गुप्ता ( 20 ) पुत्र रामकुमार गुप्ता, निवासी बढ़ईया कला, थाना कोतवाली नानपारा, झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया और झुलसे लोगों को तत्काल पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद खैरीघाट पुलिस की तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की। पुलिसकर्मियों ने न केवल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की, बल्कि घायलों को समय गंवाए बिना अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था में भी सहयोग किया। संकट की घड़ी में पुलिस की इस मानवीय पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

# कई ट्रेनों का नेपालगंज रोड तक विस्तार की उम्मीद, रेल मंत्रालय ने शुरू कराया परीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

रुपईडीहा, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के यात्रियों के लिए रेल कनेक्टिविटी को लेकर बड़ी उम्मीद जगी है। बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड़ की मांग पर रेल मंत्रालय ने प्रयागराज संगमझमनकापुर के बीच चलने वाली सरयू एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का विस्तार नेपालगंज रोड ( रुपईडीहा ) तक करने के प्रस्ताव का परीक्षण शुरू किया है।सांसद ने सरयू एक्सप्रेस के अलावा गोरखपुरझबहराइच, वाराणसीझबहराइच इंटरसिटी और गोंडाझबहराइच मेमू को भी नेपालगंज रोड तक बढ़ाने की मांग की है। साथ ही नेपालगंज रोड से बहराइच होते हुए लखनऊ, कानपुर, नई दिल्ली और मुंबई के लिए नई अमृत भारत ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।वर्तमान में सरयू एक्सप्रेस प्रयागराज संगम से प्रयाग, फाफामऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम होते हुए मनकापुर तक जाती है। इसके नेपालगंज रोड तक विस्तार से रुपईडीहा, नानपारा और आसपास के सीमा क्षेत्र के यात्रियों को प्रयागराज, अयोध्या, सल्तानपुर और प्रतापगढ़ के लिए बेहतर रेल संपर्क मिल सकेगा।रेलवे द्वारा रुपईडीहाझनेपालगंज रोड रेलखंड पर तकनीकी एवं सुरक्षा परीक्षण पहले भी किए जा चुके हैं, जिससे इस मार्ग पर यात्री ट्रेन संचालन की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकी

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेवा में पांडव कालीन मनोकामना सिद्ध बुढ़वा बाबा का शिव मंदिर स्थित है। जहां सावन माह भर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं, पूजन अर्चन कर कामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान शिव से मन्नतें मांगते हैं।वहीं सावन माह के दूसरे सोमवार पर कांवरिया श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के चलते थानाध्यक्ष खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बुढ़वा बाबा मंदिर परिसर में दो दिवसीय रविवार व सोमवार अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की गई। जिससे कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई चूक ना हो। अस्थाई चौकी में पूछताछ, खोया- पाया, बुजुर्ग श्रद्धालओं को जलार्पण में सहयोग आदि की व्यवस्थाएं की गई। मेला परिसर में पहली बार अस्थाई पुलिस चौकी देखकर अराजक तत्वों में जहां डर का माहौल बना है वहीं श्रद्धालुओं के लिए पुलिस सहयोग काफी सराहनीय रहा है।

# मोतीपुर पुलिस ने जलाभिषेक को जा रहे कांवरियों पर की पुष्प वर्षा

### भगवा रंग में रंगी दिखी सड़क लगे बोल बम के नारे

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर बहराइच। सावन का पावन महीना चल रहा है इस समय प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिरों में कांवरियों का जत्था जलाभिषेक को पहुंच रहा है ।रविवार देर रात कैलाशपुरी गिरजापुरी से जल भरकर रामपुर धोबिया हार में स्थित बुढ़वा बाबा मंदिर में जलाभिषेक को जा रहे हैं कांवरिया जैसे ही थाना मोतीपुर क्षेत्र के कुड़वा मोड़ के पास नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर पहुंचे तभी सुरक्षा में तैनात मोतीपुर पुलिस के जवानों ने शिव भक्त कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर बोल बम के नारे लगाए। कांवरियों पर पुष्प वर्षा करने में पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा पहुंप सिंह व थाना मोतीपुर प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड शिव भक्तों के रंग में सराबोर नजर आए।पुलिस टीम द्वारा शिव भक्तों पर की गई पुष्प वर्षा से शिव भक्तों ने पुलिस के प्रति प्रसन्नता जताई। इस दौरान बोल बम के नारों से क्षेत्र गूंजायमान हो उठा सड़कों पर कांवरियों की खचाखच भीड़ देखने को मिली वही कांवरियों की सुरक्षा में पुलिस व पीएसी की टीम मुस्तैद रही।

## संक्षेप

### युवक की मौत, पत्नी पर हत्या का आरोप

**परिजनों ने कहा- आत्महत्या नहीं, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , बड़ौत क्षेत्र के बावली गांव में एक 25 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया है।परिजनों ने युवक की पत्नी पूजा और कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को 7 अगस्त की शाम सागर पुत्र सत्येंद्र तोमर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बागपत भेजा गया। 8 अगस्त को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन शव को अपने साथ ले गए। इसी दौरान मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि सागर की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप दिया गया है।उन्होंने पत्नी पूजा और उसके कथित साथियों की भूमिका की जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार, पूजा की पहले भी शादी हो चुकी थी, जिसके बाद उसने सागर से विवाह किया था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है।पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बड़ौत कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से किशोर की मौत

**दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर खेड़की गांव के पास हादसा, तीन बहनों का इकलौता था**

बागपत , दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। थाना बागपत क्षेत्र के ग्राम खेड़की स्थित इंटरमीडिएट कॉलेज के पास तेज रफ्तार सफेद रंग की हुंडई कार ने कार्तिक (10) पुत्र रामकुमार को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, कार्तिक अपने परिवार में तीन बहनों का इकलौता भाई था। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िए की मौत

**दो गंभीर घायल दिल्ली रेफर हुए, एक वाहन को बचाने में हुआ हादसा**

बागपत , कांवड़ यात्रा के दौरान एक सड़क हादसे में एक कांवड़िये की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि थाना कोतवाली बागपत क्षेत्र में हुई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली रेफर किया गया है।कांवड़िये बोलेरो गाड़ी में सवार होकर हरियाणा के झज्जर जिले के माछरौली गांव से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे थे।नैथला कट, थाना कोतवाली बागपत क्षेत्र के पास पहुंचने पर, सामने से आ रहे ।

## विकासखंड के उच्च अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तिरंगा यात्रा

**कंपोजिट विद्यालय अमौली के बच्चों ने कस्बे में निकाली तिरंगा यात्रा**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर।जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के कुशल निर्देशन पर बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या के आदेशानुसार जनपद के सभी विकासखंडों में तिरंगा यात्रा जगह-जगह प्रारंभ हुई जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में स्थापित कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने धूमधाम से तिरंगा शोभायात्रा निकाली विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अमौली विकासखंड के खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर भव्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया विद्यालय के गुरुजनों की अगुवाई में सभी बच्चों ने कस्बे की मुख्य गलियों में भ्रमण करते हुए भारत माता की जय आदि जयकारो से पूरे कस्बे को गुंजायमान कर दिया नन्हे नन्हे हाथों में तिरंगा लहराते हुए बच्चों में शोभायात्रा के दौरान जमकर उत्साह देखने को मिला वहीं कार्यक्रम में पहुंचे उच्च अधिकारियों ने बच्चों द्वारा निर्मित की गई रंग रोगन चित्रकला का निरीक्षण किया वही विद्यालय के बच्चों से अधिकारियों ने सीधा संवाद भी स्थापित किया विद्यालय की बाउंड्री वॉल की समस्या को लेकर उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया जहां निरीक्षण करते हुए उच्च अधिकारी ने जल्द ही बाउंड्री वाल के कार्य को संपूर्ण कराने का आश्वासन दिया इस मौके पर विद्यालय तथा विकासखंड क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के शिक्षक प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे

## आवश्यक अभिलेख तथा शुल्क कटौती को लेकर एक पिकअप की अधिकारियों ने की जांच

**अवैध रूप से पिकअप में लदा गेहूं मंडी इंस्पेक्टर ने हिरासत में ली गाड़ी**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुरे जनपद के जहानाबाद मंडी क्षेत्र से अनवरत आ रही शिकायतों को देखते हुए जहानाबाद मंडी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव हरिजनपुर मोड के समीप एक पिकअप गाड़ी को रोककर पूछताछ की वही आवश्यक अभिलेख तथा कटौती के बारे में जानकारी ली गई जो गाड़ी चालक या अनाज मालिक द्वारा नहीं दी गई इसी को देखते हुए मंडी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव मकंदीपुर निवासी राजेंद्र पुत्र दयाशंकर तथा जाफरगंज थाना क्षेत्र के गौरा गोपालपुर निवासी उमाशंकर का संयुक्त रूप से लदा गेहूं का वाहन पिकअप गाड़ी हिरासत में लेकर जहानाबाद मंडी परिसर पहुंचाया वही जानकारी लेने पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि पिकअप गाड़ी को हिरासत में लिया गया है विभाग की ओर से खरीद बिक्री से संबंधित अभिलेख गेहूं की मात्रा तथा मंडी शुल्क की स्थिति की जांच कराई जा रही है जांच होने के पश्चात आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी

## धूमधाम से संपन्न हुआ पिपलेश्वर महादेव में महा रुद्राभिषेक

**सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक समेत ग्रामीणों ने किया शिवार्चन**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद क्षेत्र अंतर्गत खजुरिहा गांव में स्थापित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास की शुभ तिथि द्वादशी एवं प्रदोष काल में महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सेवा प्रदान कर चुके सेवानिवृत्त उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी के तत्वावधान में भक्तों ने प्रातः काल से भगवान शिव की आराधना की महा रुद्राभिषेक में उपस्थित वैदिक आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल समेत अन्य आचार्यों की टोली ने वेद मंत्रों के साथ मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी देवताओं का पूजन संपन्न कराया वहीं प्रमुख यजमान सुभाष अवस्थी लेखपाल प्रशांत अवस्थी आदि लोगों ने सपत्नीक परिवार तथा सभी भक्त जनों ने मिलकर भगवान पिपलेश्वर महादेव को दूध दही पंचामृत गंगाजल शहद शर्करा आदि से स्नान कराते हुए वस्त्र अलंकार से सुशोभित किया वहीं वैदिक आचार्यों द्वारा रुद्राष्टाध्याई का पाठ संपन्न हुआ सभी भक्तों ने मिलकर महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न किया वही महा आरती के पश्चात सभी भक्तों ने महाप्रसाद गृहण किया इस मौके पर प्रबल अवस्थी ग्रामीण सुरेश राजेश विनोद तिवारी राम सजीवन शुक्ला संतोष द्विवेदी कल्लू सैनी समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहें

## आमने-सामने मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत कई घायल




अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत थाने से कुछ दूर पर ही दुर्गापुर मोड के नजदीक मुख्य मार्ग में दो मोटरसाइकिलों की आपस में आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई जहां मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन जहानाबाद मौके पर पहुंचा तथा सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद भेजा प्राथमिक उपचार करते हुए चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखा तथा सभी घायलों को फतेहपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार कानपुर नगर जनपद के रेउना थाना क्षेत्र अंतर्गत मखौली गांव निवासी 23 वर्षीय दिलीप तथा उसका 22 वर्षीय मित्र प्रवेश कुमार निवासी शेखपुरा थाना कोतवाली घाटमपुर दोनों एक मोटरसाइकिल में जहानाबाद से घाटमपुर की ओर जा रहे थे वहीं घाटमपुर की तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल में सवार 26 वर्षीय युवक विक्रम सिंह निवासी गांव सैमसी थाना कोतवाली बिंदकी की बाइक तथा उपयुक्त लोगों की बाइक आपस में भिड़ गई भीषण टक्कर होने पर बाइक में सवार तीनों युवक बुरी तरह जख्मी हुए जानकारी लेने पर थाना प्रभारी जहानाबाद ने बताया कि तीनों घायलों को सदर अस्पताल फतेहपुर भेजा गया है जहां तीनों का उपचार चल रहा है

## हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों के लिए बारकोड एडवाइजरी

**स्कैन करते ही मिलेगी पार्किंग और आसान रास्ते की जानकारी, बढ़ती भीड़ को लेकर अलर्ट**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान बढ़ती भीड़ और वाहनों के दबाव के बीच कांवड़ियों की राह आसान करने के लिए पुलिस ने डिजिटल पहल शुरू की है। हरिद्वार पुलिस की ओर से जारी एडवाइजरी में एक बारकोड दिया गया है, जिसे स्कैन करते ही कांवड़ियों को रूट, डायवर्जन और पार्किंग की जानकारी मोबाइल पर मिल जाएगी।इस एडवाइजरी को मेरठ समेत कई जिलों में उपलब्ध कराया गया है।मेरठ में थानों और सार्वजनिक स्थानों पर इसके पोस्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि हरिद्वार जाने से पहले कांवड़िए अपने रूट और पार्किंग की जानकारी हासिल कर सकें।बारकोड के साथ एडवाइजरी में कांवड़ यात्रा के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी जानकारी भी दी गई है। अलग-अलग दिशाओं से आने वाले रोडवेज बसों और कांवड़ वाहनों के लिए रूट व पार्किंग भी तय की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को भीड़भाड़ और जाम से बचाते हुए निर्धारित स्थान तक पहुंचाया जा सके।

### रोडवेज बसों के लिए अलग-अलग पार्किंग



एडवाइजरी में अलग-अलग दिशाओं से आने वाली रोडवेज बसों के लिए पार्किंग निर्धारित की गई है। दिल्ली, मेरठ, हरियाणा और पंजाब की ओर से आने वाली रोडवेज बसें ऋषिकुल मैदान पार्किंग में खड़ी होंगी। नैनीताल, मुरादाबाद और बिजनौर की ओर से आने वाली बसों के लिए नीलधारा और गौरीशंकर पार्किंग निर्धारित की गई है। वहीं देहरादून, ऋषिकेश और पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली रोडवेज बसें मोतीचूर पार्किंग में पार्क की जाएंगी।

### कांवड़ वाहनों के लिए भी तय किए गए रूट

कांवड़ लेकर हरिद्वार आने वाले वाहनों के लिए भी अलग-अलग रूट और पार्किंग तय की गई हैं। दिल्ली, मेरठ और मुजफ्फरनगर की ओर से हरिद्वार जाने वाले वाहन मुजफ्फरनगर, मंगलौर, नंगला इमरती, लठौरा और एसएमएस तिराहा होते हुए बैरागी पार्किंग में पहुंचेंगे दिल्ली से देहरादून, ऋषिकेश और चारधाम जाने वाले वाहनों को देहरादून एक्सप्रेसवे (एनएच-344जी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

### यमुनानगर से आने वालों के लिए भी रूट निर्धारित

यमुनानगर की ओर से हरिद्वार आने वाले वाहन भगवानपुर, अब्दुल कलाम चौक, नंगला इमरती, लक्सर और एसएमएस तिराहा होते हुए बैरागी पार्किंग में पहुंचेंगे।बैरागी कैंप पार्किंग में खड़े किए गए सभी प्रकार के वाहन श्मशानघाट पुल, 344 पर निकलेंगे। मुरादाबाद और नजीबाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को चिड़ियापुर से 4.2 तिरछा पुल होते हुए नीलधारा और गौरीशंकर पार्किंग तक पहुंचाया जाएगा।

इसी तरह देहरादून और ऋषिकेश की ओर से आने वाले वाहन नेपाली तिराहा और सप्तऋषि होते हुए लालजीवाला पार्किंग में खड़े किए जाएंगे।

## 9 माह की बच्ची का अपहरण

**आरोपियों में 20 हजार में बेचा, दो किडनैपर और खरीददार गिरफ्तार**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,9 माह की बच्ची के अपहरण और 20 हजार रुपये में बेचने के मामले में पुलिस ने दो किडनैपर और एक खरीदार को गिरफ्तार किया है। लालकुर्ती पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने का प्रयास कर रही है।यह घटना 5 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे बेगमपुल क्षेत्र में हुई थी। पुलिस के अनुसार, बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने सोते समय बच्ची की मां के पास से उसे अगवा कर लिया था। बच्ची के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया।।। लालकुर्ती पुलिस को सूचना मिलने पर अधिकारियों ने मासूम की बरामदगी के लिए दो टीमें गठित की।पुलिस ने बच्ची की तलाश में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और कई इलाकों में छापेमारी करते हुए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया।जांच के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनमें लोहियानगर थाना क्षेत्र के चमड़ा पैठ निवासी अकबर और मेडिकल थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी यूसुफ व हुसैन आलम शामिल हैं।यूसुफ और हुसैन ने बच्ची का अपहरण कर उसे चमड़ा पैठ निवासी अकबर को 20 हजार रुपये में बेच दिया था।अकबर निसंतान बताया जा रहा है। लालकुर्ती पुलिस टीम ने महज कुछ घंटों में बच्ची को बरामद कर लिया, जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर उनके पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने का प्रयास कर रही है।

## शराब फैक्ट्रियों के कुट्टे से बढ़ाया जा रहा दूध

**गाजियाबाद पशुपालन विभाग ने जारी की गाइडलाइन, 6 पशुओं की हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , आसपास के जिलों में शराब फैक्ट्रियों से निकलने वाले कुट्टे को दूध उत्पादन के लिए पशुओं को खिलाया जा रहा है।इसको लेकर पशुपालन विभाग ने इसके लिए लिए गाइडलाइन जारी की है। साथ ही किसानों से अपील की है कि इसमें सावधानी बरतें, पशुओं की मौत भी हो जाती है। बिना डॉक्टर की सलाह के इसका सेवन न करें। गाजियाबाद में कुट्टा खिलाने से एक किसान के 6 पशुओं की 2025 में मौत हुई थी।पहले जानिए क्या है कुट्टा मक्का, टूटे चावल अथवा अन्य अनाज से एथेनॉल निर्माण के दौरान जो अवशेष निकलता है। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार सीमित मात्रा में पशु आहार के रूप में उपयोग किया जा सकता है। लेकिन खुले में रखा हुआ, सड़ा-गला, दुर्गंधयुक्त, फफूंद लगा हुआ अथवा संदिग्ध गुणवत्ता का कुट्टा पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।ऐसा कुट्टा खिलाने से पशुओं में भूख कम लगना, जुगाली बंद होना, दस्त, पेट फूलना व पशुओं को बीमार कर रहा है। जिससे पशुओं की मौत तक हो रही है। पशुपालन विभाग ने किसानों से अपील की है कि केवल सस्ता होने के कारण किसी भी प्रकार का औद्योगिक अपशिष्ट पशुओं को न खिलाएं। कुट्टा की बात कर रहे हैं वह शराब फैक्ट्री से निकलने वाला गीला अवशेष है। जिसकी गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं होती, तो उसे नियमित रूप से खिलाने की सलाह नहीं दी जाती।पशु चिकित्सा अधिकारी ने इस मामले में निर्देश दिए हैं कि बिना जांच के इसे न खिलाया जाए बरसात के समय में यह बहुत ही घातक है।जांच के दौरान पुलिस ने मुकदमे में विदेशी अधिनियम की धारा 14-ख भी जोड़ दीक्रमवार जानिए सबा पक्ष की दलीलों को निचली अदालत से राहत नहीं मिलने पर सबा फरहत ने हाईकोर्ट का रुख किया। उनकी ओर से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 318(4), 336, 338, 340(2), 351(2), 352, 61(2) तथा विदेशी अधिनियम की धारा 14-ख के तहत दर्ज मुकदमे में जमानत की मांग की गई।

## हनीट्रैप में फंसाकर वसूली, फिर फर्जी चौकी में धमकाते थे

**ब्रह्मपुरी के फर्जी पुलिस चौकी मामले में एक और गिरफ्तारी, पुट्ठा निवासी विशाल धरा गया**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस चौकी बनाकर युवकों को हनीट्रैप में फंसाने और उनसे रकम ऐंठने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।पुलिस ने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान पुट्ठा निवासी विशाल के रूप में हुई है।वह गिरोह की बनाई फर्जी पुलिस चौकी में सिपाही की भूमिका निभाता था।पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब एक अगस्त को नीरज पाल पुत्र शक्तिवीर सिंह ब्रह्मपुरी थाने पहुंचा।उसने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने उसे हनीट्रैप में फंसाकर 10 हजार रुपये ठग लिए हैं। आरोप लगाया कि उसे अगवा करके रखा गया और उसके साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद डराकर एक बार कोड के जरिये 10 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। शिकायत मिलने के बाद ब्रह्मपुरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शिवपुरम में एक स्थान पर छापा मारा।छापे के दौरान पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लिया।उनकी पहचान रिठानी निवासी राहुल पाल पुत्र राकेश पाल और पुट्ठा निवासी आकाश पुत्र नरेश कुमार के रूप में हुई।दोनों से पूछताछ की गई तो फर्जी पुलिस चौकी चलाने वाले गिरोह का हैरान करने वाला खेल सामने आया।

### युवती बनकर युवकों से करते थे अश्लील बातें

पुलिस के अनुसार, आरोपी युवती की आवाज में युवकों से फोन पर बातचीत करते थे।बातचीत को धीरे-धीरे अश्लील बनाया जाता और फिर संबंधित युवक को अपने जाल में फंसा लिया जाता था।इसके बाद आरोपियों की ओर से युवक के खिलाफ एक फर्जी शिकायती पत्र तैयार किया जाता। युवक को यह कहकर धमकाया जाता कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया जाएगा।

### कार्यालय कम चौकी में करते थे मारपीट

धमकी से घबराने वाले युवकों को आरोपी अपने कार्यालय में बुलाते थे। यहां पहुंचने के बाद गिरोह का अगला खेल शुरू होता था। आरोपियों ने जिस मकान में यह पूरा अड्डा बनाया हुआ था, उसके एक हिस्से को बाकायदा पुलिस चौकी का रूप दे रखा था।यहां आरोपी खुद को सीओ, इंस्पेक्टर, दरोगा और सिपाही बताते थे।इसके बाद युवक को पुलिसिया अंदाज में धमकाया और प्रताड़ित किया जाता था।डर का माहौल बनाकर उससे रकम वसूल ली जाती थी।

### राहुल के मकान में बना रखी थी फर्जी चौकी

पुलिस जांच में सामने आया कि जिस मकान में फर्जी पुलिस चौकी बनाई गई थी, वह राहुल पाल का है। करीब डेढ़ वर्ष पहले राहुल ने जमीन लेकर यहां निर्माण कार्य शुरू कराया था।

करीब चार माह पहले मकान बनकर तैयार हुआ।इसके बाद मकान के एक हिस्से में फर्जी पुलिस चौकी तैयार कर ली गई।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**धक्का लगने से दीवार से टकराया सिर, रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,छपरौली गांव के पास झुग्गी में रहने वाली महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सुबह करीब 11 बजे छपरौली टी-प्वाइंट से पकड़ा गयापुलिस के मुताबिक, रुपयों के लेनदेन को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।कहासुनी के दौरान पति ने पत्नी को धक्का दे दिया।इससे उसका सिर दीवार से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।पुलिस ने आरोपी ढेना लोहरा (40) को गिरफ्तार किया है।उसके खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में गैर इरादतन हत्या की धारा 105 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।रुपयों के लेनदेन को लेकर हुआ था विवादघटना 31 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे की है।गीता कुमारी अपने पति ढेना लोहरा के साथ निंबस अरिस्टा के लेबर कैंप की झुग्गी में रहती थीं। दोनों मजदूरी करते थे।रात में रुपयों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान ढेना ने गीता को धक्का दे दिया।

## तीन लोगों से 1.38 करोड़ की ठगी

**मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया, पैसे वापस मांगने पर धमकी दी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,साइबर ठगों ने शेयर बाजार और आईपीओ में डबल रिटर्न का झांसा देकर तीन लोगों से करीब 1.38 करोड़ रुपए ठग लिए।ठगों ने वॉट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुप के जरिए लोगों को फंसाया। इसके बाद फर्जी ट्रेडिंग ऐप पर निवेश कराया।शुरूआत में थोड़ा मुनाफा देकर भरोसा जीता और फिर बड़ी रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा ली।जब पीड़ितों ने पैसा निकालने की कोशिश की तो ठगों ने टैक्स और सर्विस चार्ज के नाम पर और रकम मांगी।पैसे नहीं देने पर जमा रकम जब्त करने की धमकी दी। साइबर थाना पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सेक्टर-78 की महागुन मॉडर्न सोसाइटी निवासी अमीन उल्ला खान ने बताया कि सितंबर 2025 में फेसबुक मैसेंजर पर उनसे संपर्क किया गया। शेयर बाजार में रोजाना अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया गयाठगों ने निवेश के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई।शुरूआत में 53 हजार रुपए निकलवाए और फिर वही रकम वापस जमा करा ली।इससे अमीन को भरोसा हो गया।इसके बाद 16 अक्टूबर से 13 नवंबर 2025 के बीच उन्होंने अपने दो बैंक खातों से 72 लाख रुपए से ज्यादा अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में आईपीओ में निवेश के नाम पर पहले 18.87 लाख और फिर 30 लाख रुपए मांगे गए।रकम नहीं देने पर पहले जमा पूरा पैसा जब्त करने की धमकी दी गई।इसके बाद अमीन को ठगी का पता चला।केस-2: ऐप में लगाए 52.49 लाख, रकम निकालने पर मांगा 21.33 लाख टैक्ससेक्टर-78 के द हाइड पार्क निवासी मोनिश कुमार घोष ने बताया कि जनवरी 2026 में उन्हें नामी कंपनियों के नाम से बने वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया।

## 300 करोड़ के जिला अस्पताल में फिर गिरी सीलिंग

**गायनी ओटी की गैलरी में मलबा बिखरा, नोएडा में बाल-बाल बचे मरीज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में एक बार फिर सीलिंग गिरने की घटना सामने आई है।इस बार तीसरी मंजिल पर गायनी विभाग के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की गैलरी में अचानक सीलिंग का एक हिस्सा नीचे आ गिरा।हादसे के समय गैलरी में कोई मरीज, तीमारदार या कर्मचारी मौजूद नहीं था।इससे बड़ा हादसा टल गया। सीलिंग गिरने के बाद गैलरी में मलबा फैल गया। अस्पताल में लगातार मरीजों और कर्मचारियों की आवाजाही रहती है।ऐसे में सीलिंग का हिस्सा गिरने की घटना ने अस्पताल की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।खास बात यह है कि जिला अस्पताल के अलग-अलग हिस्सों में इससे पहले भी सीलिंग गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। घटना तीसरी मंजिल पर गायनी विभाग के ऑपरेशन थिएटर के पास बनी गैलरी की है।यहां अचानक सीलिंग का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। इसके बाद गैलरी में मलबा बिखर गया।हादसे के समय गैलरी खाली थी। वहां कोई मरीज, तीमारदार या अस्पताल कर्मचारी मौजूद नहीं था।इसी वजह से किसी को चोट नहीं आई। हालांकि, अस्पताल में मरीजों और स्टाफ की लगातार आवाजाही को देखते हुए घटना को गंभीर माना जा रहा है।इन दिनों बारिश के कारण अस्पताल के कई हिस्सों में सीलन की समस्या बनी हुई है। इसी दौरान सीलिंग फॉल की घटना सामने आने के बाद रखरखाव व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# धसान नदी से जल भरकर ककरवई पहुंचे कांवड़िए

## शिवालयों में किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



ककरवई। श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति का उत्साह चरम पर है। क्षेत्र में जगह-जगह शिवभक्तों द्वारा कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम ककरवई से बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर ग्राम खरवांच पहुंचे। वहां पवित्र धसान नदी से विधि-विधान के साथ जल भरकर कांवड़ियों ने पैदल यात्रा शुरू की। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्त "हर-हर महादेव", "बम-बम भोले" के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। हाथों में कांवड़ और मन में भगवान शिव के प्रति आस्था लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कांवड़िए विभिन्न मार्गों से होते हुए ककरवई पहुंचे, जहां शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। इसके साथ ही गांव के अन्य शिव मंदिरों में भी कांवड़ियों द्वारा जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। कांवड़ियों के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों द्वारा कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। कांवड़ यात्रा में ग्राम के सैकड़ों शिवभक्त शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# जर्जर एलटी लाइन बनी मुसीबत, 36 घंटे से गुल है बिजली

### शिकायतों के बावजूद नहीं बदले गए पुराने तार, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

बेहंदर/ हरदोई। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बेहंदर के मजहर नगर में जर्जर एलटी लाइन ग्रामीणों के लिए बनी परेशानी का कारण जर्जर तारों में खराबी के चलते पिछले करीब 36 घंटे से गांव की बिजली आपूर्ति ठप है। लगातार बिजली न मिलने से ग्रामीणों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विद्युत विभाग के प्रति ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मजहर नगर में एलटी लाइन के तार लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। तारों के टूटने और अन्य विद्युत संबंधी घटनाओं के चलते पूर्व में भी कई बार ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ी है। इसके बावजूद विभाग की ओर से जर्जर तारों को बदलने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, जर्जर लाइन को बदलवाने के लिए जेई और एसडीओ से कई बार शिकायत की जा चुकी है। हर बार समस्या के समाधान का भरोसा दिया गया, लेकिन अब तक लाइन को दुरुस्त नहीं कराया गया। करीब 36 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण घरों में लगे विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं और रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जर्जर एलटी लाइन को तत्काल बदलवाकर स्थायी समाधान कराने और नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। शेखर, अंकित, सोनू, करन, मलखान, अनिल, मुलायम, दिनेश, राहुल, नितिन, कमलेश, नरेश, रोशन, महिपाल, ओम प्रकाश, चंद्रपाल, सुशील, रामजीवन, सुमित, राम सिंह, मुन्ना, रामचंद्र और आकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# कमिश्नर व डीआईजी ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा, बांटा प्रसाद

### श्रद्धालुओं का किया स्वागत, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का लिया जायजा; अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बस्ती/ पवित्र श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के बीच रविवार, 09 अगस्त 2026 को फुटहिया में आस्था और श्रद्धा का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। बस्ती मंडल के मंडलायुक्त (कमिश्नर) एवं डीआईजी बस्ती ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पहुंचकर शिवभक्त कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया। अधिकारियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से कांवड़ियों में उत्साह और खुशी का माहौल दिखाई दिया। मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने फुटहिया पहुंचकर कांवड़ यात्रा मार्ग पर की गई सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ियों के आवागमन, भीड़ की स्थिति, यातायात संचालन, पुलिस बल की तैनाती तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में प्रशासन एवं पुलिस की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक कांवड़िये को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, इसके लिए अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार निगरानी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। भीड़ बढ़ने की स्थिति में तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। यातायात व्यवस्था को इस प्रकार संचालित किया जाए कि कांवड़ियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने यात्रा मार्ग पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की तैयारियां भी पूरी रखी जाएं।

## खास समाचार

### वामा सारथी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पुलिस लाइन में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई गई



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन चित्रकूट रामाशीष यादव की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस लाइन की वॉलिंटियर्स महिलाएं व अन्य पुलिस परिवार की महिलाएं व अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। प्रजापति ब्रह्म कुमारी जी एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा मूल आधारित शिक्षा राजयोग ध्यान व्यक्तित्व विकास तनाव प्रबंधन सकारात्मक सोच एवं नशा मुक्ति जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### गलती से ट्रांसफर हुए तीन हजार रुपये साइबर सेल ने कराए वापस



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। यूपीआई के माध्यम से गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुए तीन हजार रुपये थाना जिगना साइबर सेल टीम ने पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। बघेड़ा खुर्द निवासी गणेश प्रसाद ने 16 फरवरी को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि यूपीआई से गलती से तीन हजार रुपये अज्ञात खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। शिकायत की जांच के दौरान साइबर सेल टीम ने संबंधित धनराशि को होल्ड कराते हुए पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में की गई कार्रवाई में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर स्वतंत्र यादव और आरक्षी कौशलेन्द्र सिंह शामिल रहे। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।

### चोरी की बाइक और सात मोबाइल के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। जिगना पुलिस ने वाहन चोरी एवं चोरी की घटनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शनिवार को जिगना पुलिस टीम बिहसड़ा क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सूरज विश्वकर्मा (19) निवासी कुशहा, थाना जिगना और संतोष कुमार (19) निवासी रेहड़ा चुंगी, थाना विंध्याचल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल तथा सात मोबाइल फोन बरामद किए। मामले में थाना जिगना में मुकदमा संख्या 203/2026 के तहत बीएनएस की धारा 317(2), 317(4) और 317(5) में अभियोग दर्ज किया गया है।

# जिला ओलंपिक संघ के स्वर्ण जयंती वर्ष पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

### , कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रहे मुख्य अतिथि

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर: जिला ओलंपिक संघ के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वार्षिक समारोह आज जिला सहकारी बैंक, कचहरी परिसर के सभागार में धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मा० श्री आशीष पटेल जी उपस्थित रहे। मा० मंत्री जी ने वर्ष 2026 में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद मीरजापुर का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मा० मंत्री श्री आशीष पटेल ने कहा कि खेल ही अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की नींव है। मीरजापुर के खिलाड़ियों ने प्रदेश और देश स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव सहयोग करेगी। निधि सिंह पटेल अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पावरलिफ्टिंग को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ जगदीश सिंह पटेल ,उपाध्यक्ष कृपा शंकर मिश्रा ,विजय वर्मा ,राकेश त्रिपाठी सचिव एथलेटिक्स संघ, हुबलाल सचिव कबड्डी, संघ रामू सोनकर सचिव ताइक्वांडो ,अश्वनी पांडे सचिव जुड़ो संघ,योगी ज्वाला योगासन संघ ,संतोष यादव सचिव टेबल टेनिस एवं बास्केटबॉल संघ, अनवर हॉकी एवं कुश्ती संघ ,विनोद खो खो संघ,फुटबॉल संघ से रवि शर्मा, रविंद्र सिंह वॉलीबॉल, नीरज कुमार एथलेटिक्स, विजय सिंह ,अवधेश सिंह तथा कोच पंचदेव सिंह के अलावा प्रवीण आर्य ,प्रवीण पटेल सहित सम्मानित खिलाड़ी सचिन कुमार, विनय कुमार ,विकास कुमार एथलेटिक्स, गोल्ड मेडल ( राष्ट्रीय स्तर )वॉलीबॉल में कुसुम कुमारी, संध्या सिंह ,अपराजिता (राष्ट्रीय स्वर्ण पदक) कबड्डी रागनी राष्ट्रीय खिलाड़ी पावरलिफ्टिंग ज्योति यादव सिल्वर ,मेडल तैराकी नीतेश निषाद गोल्ड मेडल ,अश्वनी कुमार पांडे एवं ज्वाला प्रसाद यादव ने योगासन वर्ल्ड चैंपियनशिप में कार्यक्रम के दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री जगदीश सिंह पटेल, नगर मजिस्ट्रेट श्री अविनाश कुमार, संयुक्त सचिव एवं मीरजापुर ओलंपिक संघ व वॉलीबॉल संघ के महासचिव श्री एस.पी. त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन विजय वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश महासचिव शिक्षक मंच लाल बहादुर सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल जिला खेल अधिकारी सहित खेल जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आदिवासी संस्कृति हमारी धरोहर: आशीष पटेल

### हथेड़ा में विश्व आदिवासी महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ, पारंपरिक वेशभूषा में निकली शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को हलिया क्षेत्र के हथेड़ा स्थित बिरसा मुंडा ग्राउंड में विश्व आदिवासी महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल तथा विशिष्ट अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने प्रदेश एवं जनपदवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हथेड़ा में आयोजित यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्राचीन एवं समृद्ध जनजातीय सभ्यता, संस्कृति और विरासत को संजोने तथा उसे देश-दुनिया में नई पहचान दिलाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी समाज की कला, संस्कृति, जीवन दर्शन और परंपराओं को नई पहचान मिल रही है। आयोजन में आदिवासी समाज की वेशभूषा, गीत और नृत्य ने लोगों को आकर्षित किया। महोत्सव के दौरान कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल हथेड़ा से हलिया बाजार तक निकले भव्य आदिवासी जुलूस में भी शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे आदिवासी समाज के लोग ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों के साथ जुलूस में शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक जोन अध्यक्ष जनार्दन कोल रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, राष्ट्रीय सचिव किसान मंच रमाकांत पटेल, प्रदेश महासचिव शिक्षक मंच लाल बहादुर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल सहित अपना दल (एस) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

# छह दिन से अंधेरे में मुखर्जी टावर, ट्रांसफार्मर खराब होने से ठप हुआ कारोबार

### लापरवाही की हद: छोटा ट्रांसफार्मर भी फेल, बिजली विभाग और बिल्डर के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। नियामत चक स्थित मुखर्जी टावर में ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद बीते छह दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। हालात ऐसे हैं कि टावर में संचालित 50 से अधिक दुकानों का कारोबार ठप पड़ गया है और व्यापारी त्राहिमाम की स्थिति में पहुंच गए हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिना बिजली के दिन काटना मुश्किल हो गया है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता ने समस्या को और विकराल बना दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद से ही बिजली आपूर्ति बाधित है। शुरूआती दिनों में व्यापारियों को उम्मीद थी कि बिजली विभाग तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या का समाधान करेगा, लेकिन छह दिन बीत जाने के बाद भी कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। विभाग की ओर से एक छोटे ट्रांसफार्मर की अस्थायी व्यवस्था जरूर की गई, लेकिन वह भी लोड संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि टावर में बिजली "आती-जाती" बनी हुई है। कुछ देर के लिए सप्लाई मिलती है और फिर घंटों गायब हो जाती है। इस अनिश्चित आपूर्ति के कारण न तो दुकानें ठीक से खुल पा रही हैं और न ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सुचारू रूप से चल पा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि बार-बार ट्रिपिंग से मशीनें खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। मुखर्जी टावर में कपड़ा, मोबाइल, अस्पताल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कॉस्मेटिक्स समेत कई प्रकार की दुकानें संचालित होती हैं, जिनका पूरा कारोबार बिजली पर निर्भर है। लगातार बिजली संकट के कारण व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि फ्रीज और एसी बंद रहने से तापमान बढ़ रहा है, जिससे कई उत्पाद खराब होने की कगार पर हैं। ग्राहक भी गर्मी और अंधेरे के कारण दुकान में रुकना नहीं चाहते, जिससे बिक्री पर सीधा असर पड़ा है। व्यापारियों में सबसे ज्यादा नाराजगी बिल्डर अतुल सराफ और बिजली विभाग के अधिकारियों—जेई व एक्सईएन—को लेकर है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। न तो उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है और न ही स्थायी समाधान की कोई योजना दिख रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी व्यावसायिक बिल्डिंग में पहले से ही पर्याप्त क्षमता का ट्रांसफार्मर होना चाहिए था, लेकिन योजना और रखरखाव की कमी अब सामने आ गई है।

# रोटरी क्लब बस्ती मिड टाउन का इंस्टालेशन सेरेमनी समारोह संपन्न

### डॉ. दिलीप गुप्ता बने अध्यक्ष, आशीष श्रीवास्तव सचिव एवं विवेक वर्मा कोषाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

बस्ती/ रोटरी क्लब बस्ती मिड टाउन के सत्र 2026-27 का इंस्टालेशन सेरेमनी समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में डॉ. दिलीप गुप्ता ने अध्यक्ष, आशीष श्रीवास्तव ने सचिव तथा विवेक वर्मा ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन मनकेश्वर पांडे, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी, रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 ने कहा कि रोटरी केवल सेवा का संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का वैश्विक मंच है। उन्होंने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा परियोजनाओं को समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़कर अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए तथा प्रत्येक रोटेरियन को नेतृत्व के साथ सेवा की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। वर्तमान सत्र के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. डी.के. गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले सत्र में क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा और स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने क्लब के सदस्यों, सहयोगियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रोटेरियन आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि क्लब की गतिविधियों को अधिक व्यापक बनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कोषाध्यक्ष रोटेरियन विवेक वर्मा ने क्लब की वित्तीय पारदर्शिता और सेवा परियोजनाओं के प्रभावी संचालन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रोटेरियन आनंद गोयल तथा सचिव रोटेरियन विवेक अग्रवाल ने भी अपने संबोधन में क्लब की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और रोटरी की सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विशिष्ट जनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन विभाग, बस्ती श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह में रोटरी क्लब गोरखपुर से रोटेरियन सतीश राय, रोटेरियन प्रवीण आर्य एवं रोटेरियन आशुतोष अग्रवाल ने सहभागिता की। इंस्टालेशन सेरेमनी के दौरान विगत सत्र के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा वर्तमान सत्र के अध्यक्ष एवं सचिव को रोटरी कॉलर पहनाकर विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। समारोह में रोटेरियन हरबंस सिंह सचदेवा, रोटेरियन सतीश सिंघल तथा रोटेरियन प्रमोद गाड़िया को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। असिस्टेंट गवर्नर डॉ एल के पांडे ने अपने संबोधन में कहा रोटरी क्लब फेलोशिप कम्युनिटी सर्विस वोकेशनल सर्विस पर सतत सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करता रहा है समारोह में रोट्रेक्ट क्लब बस्ती के सत्र 2026-27 की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर रोशनी गुप्ता, संध्या खुजुर, श्रेया गुप्ता, शालिनी पांडे एवं आकृति मिश्रा को विभिन्न दायित्वों का पदभार ग्रहण कराया गया।

# गुरसरांय थाने में बुजुर्ग ने टॉयलेट में फांसी लगाकर दी जान, इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



झांसी। गुरसरांय थाना परिसर में छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस हिरासत में लिए गए 62 वर्षीय बुजुर्ग ने सोमवार सुबह थाने के टॉयलेट में फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल बुजुर्ग को फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम सिंगार, तहसील गरौठा के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र विनय कुमार द्विवेदी ने गुरसरांय थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के रामकुमार कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा पुत्रगण सुम्मेर कुशवाहा ने राजेंद्र प्रसाद पर रामकुमार की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते उन्हें हिरासत में लिया था। परिजनों का आरोप है कि छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने के बाद राजेंद्र प्रसाद मानसिक रूप से परेशान थे और सामाजिक बदनामी को लेकर तनाव में थे। इसी दौरान उन्होंने थाने के टॉयलेट में यह कदम उठा लिया। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों और थाने में हिरासत के दौरान हुई परिस्थितियों की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामकुमार कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा निवासी ग्राम सिंगार थाना गुरसरांय के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ग्रामीण अरविंद कुमार को जांच सौंपी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहीं, थाना परिसर में किसी तरह के तनाव की आशंका को देखते हुए सीओ गरौठा पीयूष कुमार पांडेय, सीओ मोंठ, सीओ टहरौली सहित सर्किल के विभिन्न थानों की पुलिस को तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी का बयान

घटना की सूचना मिलते ही मैं पुलिस टीम के साथ तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचा, जहां उपचार के दौरान राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोषी लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और एसपी ग्रामीण को मामले की जांच सौंपी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बीबीजीटीएस मूर्ति, एसएसपी झांसी

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## धर्मेंद्र को दिया जाएगा 'प्यार ही प्यार बेशुमार' के तहत म्यूजिकल ट्रिब्यूट

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई में 21 अगस्त के दिन एक शानदार म्यूजिकल ट्रिब्यूट 'प्यार ही प्यार बेशुमार' दिया जाएगा। यह कार्यक्रम मुंबई के बांद्रा वेस्ट में मौजूद सेंट एंड्रयूज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें अभिनेता की यादगार फिल्मी विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इसे बिगटाइम एंटरटेनमेंट के संस्थापक पंकज रैना ने तैयार और आयोजित किया है, जो खुद एक प्रोड्यूसर और अभिनेता भी हैं। 'प्यार ही प्यार बेशुमार' टाइटल उस अपार स्नेह को बखूबी दर्शाता है, जो दर्शकों की कई पीढ़ियों ने धर्मेंद्र पर बरसाया है। इस म्यूजिकल शाम में धर्मेंद्र के शानदार सफर से जुड़े कुछ यादगार म्यूजिकल पलों को फिर से जिया जाएगा।

लाइफ Style



# श्वेता

## साइकोलॉजिकल थ्रिलर असुर 3 में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'असुर' गौरव शुक्ला द्वारा बनाई गई एक बहुत ही सफल और दिलचस्प साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। दो सीजन की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स अब तीसरे सीजन को लाने की तैयारी में है और इसी को लेकर अब अपडेट सामने आ गई है।

धनंजय राजपूत और निखिल नायर के निभाए किरदार इस फ्रैंचाइजी का अहम हिस्सा बन चुके हैं और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फैन्स के लिए आगे क्या है। कास्ट में और रोमांच जोड़ने के लिए, एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद तीसरे सीजन में शामिल होने जा रही हैं। हालांकि उनके किरदार के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन उम्मीद है कि उनके आने से इस थ्रिलर में एक नया मोड़ आएगा। पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'असुर' के मोस्ट अवेटेड तीसरे सीजन की शूटिंग सितंबर में शुरू होने वाली है और मेकर्स कहानी को एक नए चैप्टर के साथ आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। जाहिर है कि वेब सीरीज के तीसरे भाग में भी अरशद वारसी और बरुन सोबती ही मुख्य भूमिकाओं में होंगे, जो पहले सीजन से ही इस शो का अहम हिस्सा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि कैमरे के पीछे एक और बड़ा बदलाव यह है कि लेखक और क्रिएटर गौरव शुक्ला, जो 'असुर' से गहराई से जुड़े रहे हैं, सीजन 3 के साथ डायरेक्टर के तौर पर अपनी शुरुआत करेंगे। पिछले दो सीजन का निर्देशन ओनी सेन ने किया था, जबकि शुक्ला लेखक और क्रिएटर थे। गौरव शुक्ला इस बार प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभाएंगे।

हॉलीवुड मसाला



## इंसिडियस की छठी किस्त की रिलीज 21 को

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की फेमस हॉरर फ्रैंचाइजी 'इंसिडियस' की छठी किस्त अब सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सोनी पिक्चर्स ने 5 अगस्त को फिल्म 'इंसिडियस: आउट ऑफ द फर्दर' का आखिरी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे शैतान अंधेरी दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में कदम रख रहे हैं. फिल्म 21 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल के साथ होती है। अंधेरे कमरों, रहस्यमय आवाजों और भयभीत चेहरों के बीच लाल रंग के शब्दों में संदेश उभरता है।



## टॉम और जेंडाया ने रचाई सीक्रेट शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम हॉलैंड और जेंडाया इन दिनों फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ने इस साल की शुरुआत में शादी रचाई थी। अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा ज रहा है कि इस कपल ने एक बार फिर शादी की है, जिसमें कई सेलेब्स भी शमिल हुए।टॉम हॉलैंड और जेंडाया को लेकर खबर है कि इस कपल ने एक बार फिर शादी की है। एक बेहद सीक्रेट आयोजन में दोनों ने शादी की रस्में पूरी की हैं। शादी का इंतजाम काफी भव्य रखा गया, जिसमें छह करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च की गई। इसके अलावा इनके फंक्शन में कई नामी सितारों ने भी शिरकत की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने इस हफ्ते की शुरुआत में इंग्लैंड के ग्रामीण इलाके में एक बेहद सीक्रेट और शानदार सेरेमनी में दोबारा शादी की है।



## रेड कार्पेट पर फैन ने किया जबरन किस

**मुंबई।** शनिवार को निकिता रावल एक इवेंट के रेड कार्पेट पर पोज दे रही थीं। तभी एक फैन उनके पास आई और उनसे सेल्फी की रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए फोटो के लिए हामी भर दी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले फैन ने निकिता के गाल पर किस किया। इसके बाद उसने अचानक उन्हें अपनी तरफ खींचा और उनके होंठों पर किस कर दिया। यह देखकर निकिता एकदम चौंक गईं और खुद को पीछे हटाने की कोशिश करने लगीं। इतना ही नहीं, फैन बार-बार उन्हें पकड़कर किस करने की कोशिश करती रही। निकिता साफ तौर पर असहज नजर आईं और इस स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करती दिखीं। आखिर में फैन ने उनके गाल पर एक और किस किया और वहां से चली गई।



## सोनू ने सर्जरी करवाते हुए गाया गाना

**मुंबई।** सिंगर सोनू निगम ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है, जिसने फैंस को परेशान कर दिया है। वो ऑपरेशन थिएटर में लेटे हुए गाना गा रहे हैं और अपनी सर्जरी करा रहे हैं। सोनू निगम की सर्जरी कर रहे डॉक्टर्स भी उन्हें देखकर हैरान रह गए हैं। रविवार को सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह ऑपरेशन टेबल पर लेटे हुए थे। सिंगर को 1949 की फिल्म 'दुलारी' का मोहम्मद रफी का मशहूर गाना 'सुहानी रात ढल चुकी' गाते हुए देखा गया। सोनू ने बताया कि उन्होंने यह गाना अपने डॉक्टर और मेडिकल टीम के लिए गाया था। सिंगर श्रेया घोषाल ने सोनू के जल्द ठीक होने की कामना करते हुए लिखा, 'प्लीज सोनू जी, जल्द ठीक हो जाइए! आप जल्दी ठीक हों। ऐसी हालत में भी म्यूजिक के प्रति आपका समर्पण और परफेक्शन वाकई प्रेरणादायक है!'

टीवी मसाला



## 26 साल बाद भी हर एपिसोड की पूरी तैयारी करते हैं अमिताभ

**नई दिल्ली।** शो में ऑडियंस को सिर्फ अमिताभ बच्चन का सवाल पूछने का अंदाज दिखाई देता है। लेकिन, कैमरे के पीछे वह हर एपिसोड की कितनी तैयारी करते हैं, शायद ही लोग जानते हों। केबीसी के डायरेक्टर अरुण शेषकुमार बताते हैं कि 26 साल बाद भी अमिताभ बच्चन का काम करने का तरीका नहीं बदला। वह सिर्फ शो होस्ट नहीं करते, बल्कि हर कंटेस्टेंट की कहानी को जीते हैं। अरुण शेषकुमार ने बताया कि आखिर क्यों उनके लिए KBC की सबसे बड़ी ताकत अमिताभ बच्चन हैं। अरुण कहते हैं, '26 साल बाद भी उनके काम करने का तरीका नहीं बदला है। वह सुबह सेट पर आते हैं और सबसे पहले स्क्रिप्ट देखते हैं। शो का सिर्फ शुरुआत और आखिर वाला हिस्सा स्क्रिप्टेड होता है। बाकी पूरा शो कंटेस्टेंट्स के साथ उसी समय होने वाली बातचीत पर चलता है'। वह बताते हैं, 'हमें पहले से नहीं पता होता कि हॉट सीट पर कौन पहुंचेगा। इसलिए हर एपिसोड से पहले हम करीब 10 कंटेस्टेंट्स की प्रोफाइल और उनकी जिंदगी की कहानियां तैयार रखते हैं। अमित जी उन सभी को पढ़ते हैं, समझते हैं और पूरी तरह आत्मसात कर लेते हैं। जब कोई कंटेस्टेंट हॉट सीट पर आता है, तो वह उसी के संघर्ष और जिंदगी के मुताबिक उससे बातचीत करते हैं। यही बात उन्हें बाकी टीवी होस्ट्स से अलग बनाती है'। अरुण के मुताबिक, अमिताभ बच्चन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह सामने बैठे कंटेस्टेंट की घबराहट और बॉडी लैंग्वेज तुरंत पकड़ लेते हैं। 'अगर उन्हें लगता है कि कंटेस्टेंट घबराया हुआ है या अपनी बात खुलकर नहीं कह पा रहा है, तो वह पहले उसे सहज करते हैं। उसकी बॉडी लैंग्वेज पढ़ते हैं, उसका हौसला बढ़ाते हैं और फिर उसे अपनी जिंदगी की कहानी बताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## परेशान होने वाली बात थी : आकांक्षा



**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' में आते ही आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह टीवी अभिनेता गौरव खन्ना से तलाक ले रही हैं। आगे चलकर उन्होंने कहा कि वह लड़कियों के प्रति भी आकर्षित रहती हैं। अभिनेत्री का यह राज सामने आने पर हंगामा खड़ा हो गया। इसी बारे में हाल ही में 'लॉकअप 2' से बाहर आने के बाद आकांक्षा चमोला ने बात की। उन्होंने बताया कि परिवार उनसे काफी नाराज है। जब शो 'लॉकअप 2' से आकांक्षा चमोला बाहर हुई थीं तो उनसे अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने सवाल-जवाब किए थे। यह शो का ही कॉन्सेप्ट था, जिसमें तेजस्वी प्रतियोगी से कई सवाल पूछती हैं। तेजस्वी से बातचीत के दौरान ही आकांक्षा ने कहा, 'जब गौरव खन्ना शो में आए थे तो उन्होंने परिवार के बारे में कुछ ऐसा बताया था जो कि परेशान होने वाली बात थी।

## अनिल लेकर आए नया गेम शो जल्द शुरू होगा इंडिया के टॉप 1%




**नई दिल्ली।** अभिनेता अनिल कपूर जल्द ही एक रियलिटी शो होस्ट करते नजर आएंगे। इस शो का नाम है 'इंडिया के टॉप 1%'। जल्द रिलीज होने जा रहा इस शो में किताबी ज्ञान की जगह प्रतिभागियों का लॉजिक टेस्ट किया जाएगा। गेम शो 'इंडिया के टॉप 1%' लॉन्च करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 'इंडिया के टॉप 1%' का प्रीमियर 5 सितंबर को होगा। मजेदार बात यह है कि इस शो को दर्शक घर बैठे-बैठे भी खेल सकते हैं। इस गेम शो से लोगों को परिवार के साथ वक्त बिताने का भी मौका मिलेगा।' गेम शो पर बात करते हुए अनिल कपूर ने बताया, 'यह एक ऐसा शो है जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह आपको चौंका देगा और सतर्क भी करेगा। यहां सिर्फ आपका ज्ञान काम नहीं आएगा, यह आपके सोचने के तरीका भी परखेगा। यहां हर चुनौती आपकी तर्कशक्ति, सूझबूझ और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा लेती है।'

### दुनियाभर में हासिल की सफलता

बता दें इस शो का मूल 'द 1% क्लब' से आया है। इस शो ने दुनियाभर में सफलता हासिल की है। नीदरलैंड, जर्मनी, स्पेन, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, तुर्की, यूक्रेन, मैक्सिको और यूएसए जैसे देशों में दर्शकों ने इस गेम को काफी पसंद किया। अब भारत में यह शो 'इंडिया के टॉप 1%' के नाम से प्रसारित किया जाएगा। शो 5 सितंबर से स्टारप्लस पर प्रसारित होगा और साथ ही जियो हॉट स्टार पर भी इसे स्ट्रीम किया जाएगा।

## 14 अगस्त को थिएटर में होने वाला है धमाका एक साथ रिलीज हो रहीं ये चार फिल्में

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों को अक्सर लॉन्ग वीकेंड और फेस्टिव हॉलिडे का फायदा होता है। ऐसे में आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कुछ शानदार फिल्में दस्तक देने वाली हैं। सरकारी छुट्टी और फिर इन फिल्मों का धमाका मेकर्स को अच्छी ओपनिंग दे सकता है। पिछले कुछ सालों में 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों को जबरदस्त फायदा हुआ है। ऐसे में आने वाले हफ्ते में रिलीज होने वाली ये चार फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती हैं। 14 अगस्त को रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट ये रही।




### बंटवारा 1947

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म बंटवारा 1947 इस हफ्ते की सबसे बड़ी फिल्म मानी जा रही है। फिल्म में सनी देओल लीड हीरो है। कहानी एक ऐसे मुसलमान की है जिसे बंटवारे के बाद भारत से पाकिस्तान जाना पड़ता है। इस फिल्म में शबाना आजमी एक हिंदू पाकिस्तानी महिला के किरदार में हैं। प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल जैसे एक्टर्स ने फिल्म में अहम किरदार निभाए हैं। ये फिल्म आने वाले शुक्रवार यानी 14 अगस्त को थिएटर में दस्तक देगी।

### आवारापन 2

इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन 2 सनी देओल को टक्कर देने आ रही है। इमरान हाशमी एक बार फिर अपने पुराने वाले अवतार में हैं और उन्हें इस अंदाज में वापस देखना उनके फैंस को पसंद आ रहा है। फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

### द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट

14 अगस्त को एम अमेरिकन साइंस फिक्शन फिल्म द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट भी रिलीज ही रही है। फिल्म में ऐनी हाथवे, एवान मक्ग्रेगोर, मैसी स्टेला और क्रिस्चियन कावेरी शामिल है। इस मजेदार फिल्म को थिएटर पर देखने का इंतजार हो रहा है।

### विश्वनाथ एंड संस

14 अगस्त को तमिल-तेलुगू ड्रामा फिल्म विश्वनाथ एंड संस रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी 40 साल के ओलिंपिक लेवल शूटर की जिंदगी के बारे में है। एक इमोशनल जर्नी, रिश्तों में फंसे किरदार के इर्दगिर्द रची गई है। फिल्म में सूर्या ने लीड रोल निभाया है।

### स्पाइडर मैन से लेकर द ऑब्सेशन तक

## भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड का दबदबा, 2026 में इन फिल्मों की हुई चांदी

*नई दिल्ली। टॉम हॉलैंड अभिनीत हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' इस वक्त भारतीय सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाए हुए है, कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में इसके आगे टिक नहीं पा रही है। लेकिन यही अकेली हॉलीवुड फिल्म नहीं है, जो इस साल भारतीय सिनेमाघरों में रंग जमा पाई है, इससे पहले भी कई हॉलीवुड फिल्म ने बढ़िया कमाई की है। इन हॉलीवुड फिल्मों की कमाई अब तक रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों से ज्यादा रही। यहां जानिए, इस साल रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्मों ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन था।*

### स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे 350 करोड़ पार

एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' ने पहले दिन 60.60 करोड़ रुपए से अपना खाता भारतीय बॉक्स ऑफिस पर खोला था। वहीं, पहले हफ्ते में इसने कुल 334.75 करोड़ रुपए कमाए लिए थे। रिलीज के 10वें दिन इसने कुल 358.13 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। इस वक्त यह फिल्म 'अवतार 2' के लाइफटाइम कलेक्शन को पार करने की तरफ बढ़ रही है।

### द ओडिस का भी जादू बरकरार

क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी'रिलीज से पहले ही भारतीय दर्शकों के बीच चर्चा में थी। यह फिल्म जब दुनिया भर के अलावा भारत में रिलीज हुई तो इसने अच्छी शुरुआत की। फिल्म ने पहले दिन 17.40 करोड़ रुपए भारत में कमाए थे। वहीं पहले हफ्ते में 90.30 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया था। रिलीज के 22वें दिन भी इस फिल्म ने 2.83 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं। अब तक फिल्म की कुल कमाई 161.15 करोड़ रुपए हो चुकी है। फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, एनी हैथवे लीड रोल में नजर आए हैं।



### छोटे बजट की ऑब्सेशन ने भी खूब कमाया

ऑब्सेशन एक सुपरनेचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जो मई महीने में रिलीज हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धीमी शुरुआत की थी। ओपनिंग डे पर 1.75 करोड़ रुपए ही कमाए थे। धीरे-धीरे करी फिल्म ने अपने कलेक्शन में इजाफा किया, एक हफ्ते में 18.55 करोड़ रुपए कमाए। फिल्म ने भारत में कुल 84.85 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### डेविल वियर्स प्राडा 2 को भी मिला दर्शकों का प्यार

डेविड फ्रैंकल निर्देशित 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में एनी हैथवे और मेरिल स्ट्रीप जैसी हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्रियां नजर आईं। इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 3.80 करोड़ रुपए कमाए, वहीं पहले हफ्ते में 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म ने कुल 23.90 करोड़ रुपए भारतीय बॉक्स ऑफिस पर बटोरे थे।

### *माइकल का भी बढ़िया रहा कलेक्शन*

*माइकल फिल्म के निर्देशक एंटोनी फुक्वा हैं। इसमें जाफर जैक्सन ने मशहूर सिंगर और डांसर माइकल जैक्सन का रोल निभाया था। इस फिल्म ने भी भारत में अच्छी कमाई की। पहले दिन फिल्म ने 1.7 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म ने एक हफ्ते में 26.05 करोड़ रुपए बटोर लिए थे। वहीं, फिल्म की कुल कमाई भी 71.09 करोड़ रुपए रही।*

### *प्रोजेक्ट हेल मेरी पर भी बरसे नोट*

*रयान गोसलिंग अभिनीत इस फिल्म ने भी पहले दिन भारत में 2.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। फिल लॉर्ड और क्रिस्टोफर मिलर निर्देशित इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 14 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए। वहीं, फिल्म का कुल कलेक्शन भारत में 75.097 करोड़ रुपए रहा। इस फिल्म का प्रमोशन ऋतिक रोशन ने भी किया था।*